Monday December 2, 2024 | 16 pages | www.fiji.gov.fj

फीजी दर्पण

सरकार की उपलब्धियों का विशेष प्रकाशन

# प्रधान मंत्री दफ्तर की उपलब्धियाँ



राष्ट्रपति महामहीम रातू नईगामा लालाम्बलावू के साथ उनकी पत्नी एमिली लालाम्बलावू, प्रधान मंत्री माननीय सितिवेनी रम्बूका के अलावा अन्य मंत्री तथा सहायक मंत्री, सरकारी भवन पर राष्ट्रपति के शपत ग्रहण समारोह के बाद चित्र: सूचना विभाग

रोनल देव

इस साल प्रधान मंत्री दफ्तर की उपलब्धियों में सबसे उपर राष्ट्रपति भवन में सुचारू परिवर्तन, संसद में पेश हुए फीजी सत्य और सुलह कमिशन का बिल तथा प्रधान मंत्री सितिवेनी रम्बूका की शांति महासागर पहल की प्रशान्त द्वीप समूह द्वारा स्वीकृति मिलना शामिल है।

आठ नवम्बर को भुतपुर्व राष्ट्रपति तुई मदुवाता, रातू विलियामे कातोनिवेरे के विदाई समारोह से लेकर चार दिन बाद नए राष्ट्रपति महामहीम तुराँगा बाले तुई दकाउ, रातू नईगाँमा लालाम्बलावू के शपत ग्रहण समारोह तक सरकारी भवन में बदलाव सुचारू रहा।

डिसम्बर 2022 में प्रधान मंत्री रम्बूका की गठबंधन सरकार की जीत के बाद इक्तीस अक्टूबर 2024 को एक खास संसदीय बैठक में इक्हत्तर (71) वर्षिए रातू नईगामा को देश का सातवां राष्ट्रपति चुना गया।

प्रधान मंत्री की नेतागिरी में, बारह नवम्बर को माननीय जस्ट्सि फिलिमोने चितोको को नए संसदीय स्पीकर के पद पर चुना गया। पचहत्तर (75) वर्षिए माननीय चितोको एक प्रतिष्ठित जज, राजनयिक और शिक्षक रह चुके हैं। उन्होंने हालही में फीजी कोट ओफ अपील के प्रधान के पद से अवकाश लिया तथा अटोनी जेनरल चैंबर्स में सरकारी बैरिस्टर के रूप में उनका लम्बा और प्रतिष्ठित कार्य रहा, जहाँ उन्होंने फीजी के सोलिसिटर जनरल के रूप में कई वर्षों तक सेवा प्रदान की। कुछ समय तक उन्होंने मं त्रीमण्डल के सक्रेटरी का काम भी सम्भाला जिसके बाद वह न्यूयोक में संयुक्त राष्ट्र और वशिंगटन डीसी स्थित फीजी दूतावास में फीजी मिशन में सलाहकार के रूप में फीजी के राजनयिक कोर में शामिल हुए। जस्टिस चितोको को बाद में यूनाइटेड किंगडम में फीजी के राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया था। प्रधान मंत्री रम्बूका की निगरानी में सहायक महिला, बच्चों तथा सामाजिक सुरक्षा मंत्री माननीय शशि किरन ने फीजी सत्य और सुलह कमिशन का गठन करने में अगुवाई की। सहायक मंत्री किरन ने कुछ अन्य सहायक मंत्रियों की कमिटी की अगुवाई की जिनमें प्रधान मंत्री दफ्तर के सहायक मंत्री माननीय सकियुसा तुबुना, सहायक विदेश मंत्री माननीय लेनोरा गेरेगेरेतम्बूआ, ई-तउकेई मामलों के सहायक मंत्री माननीय रातू इसिकेली तुईवाईलेवू तथा ग्रामीण, बाहरी द्वीपों के विकास और डिज़ास्टा मेनेजमन्ट के सहायक मंत्री माननीय चोवेसा वोदेया शामिल थे।

वितिलेवू और वनुआलेवू में प्रमुख केन्द्रों में आम जनता से विचार लेने के बाद माननीय किरन की कमिटी ने फीजी लौ रिफोर्म कमिशन की सहायता से फीजी सत्य और सुलह कमिशन बिल के ड्राफ्ट पर निगरानी रखी। यह इस साल का उन्नीसवां बिल था जिसे पहली बार अक्टूबर महीने वाली संसदीय बैठक में पेश किया गया था।

सत्य और सुलह के कार्य से संबंधित प्रधान मंत्री का अपनी शान्ति महासागर पहल का प्रचार भी था।

"मेरे लिए हमारे ग्रह को शान्ति की बाढ़, एक प्रचंड धारा की ज़रूरत है। यह युद्ध को रोकने का इलाज होगा। दुनिया के लोग एसा कर सकते हैं। शान्ति शब्द ही शक्ति और अर्थ से भरा है, प्रेरणा और बढ़ावा देता है। शान्ति करूणा, देखभाल और दान के समुदायों का निमार्ण करती है। यह समृद्धि का पोषण करता है," माननीय रम्बूका ने इस साल फरवरी में पेसिफिक हाबा में उच्च सामन्तों की सभा में यह जानकारी दी।

"यहीं हमारे प्रशान्त द्वीप क्षेत्र में, शान्ति का एक महासागर जन्म लेने का इंतज़ार कर रहा है।

वर्तमान में इसका नाम ओशिनिया है। इसमें दक्षिण प्रशान्त का लगभग बत्तीस मिलियन वर्ग किलोमीटर क्षेत्र शामिल है। यह रूस, चीन और अमेरिका के संयुक्त ज़मीन क्षेत्रों से थोड़ा ही छोटा है।"

प्रधान मंत्री रम्बूका की शान्ति के महासागर की अवधारणा को इस साल अगस्त में तोन्गा में उनके वार्षिक मंच पर प्रशान्त द्वीप सम्मेलन के नेताओं द्वारा स्वीकार किया गया था, जहाँ इसे अगले साल सोलमन आएलेन्ड्स में सम्मेलन की बैठक में चर्चा और अपनाने के लिए तैयार किया जाएगा।

फीजी इंडापेंडन्ट कमिशन अगइंस्ट करप्शन की नियुक्ति पर जाँच कमिशन बिठाना भी प्रधान मंत्री दफ्तर की प्रमुख उपलब्धियों का हिस्सा है।

"ओस्ट्रेलिया के एक उच्च जज तथा वर्तमान में सुपरीम कोर्ट ओफ फीजी के जज जस्टिस डेविड ई. एश्टन-लिविस, एकमात्र कमिशनर है जो जाँच करके फैसला करेंगे कि क्या सुश्री बाबरा मालीमाली को फाएकेक के कमिशनर के पद पर नियुक्ति, कानून के दायरे में रहकर, निष्पक्षता और पारदर्शिता तरीके के साथ किया गया था।"

email: news@moc.gov.fj;
@FijiRepublic;
Fiji Government;
www.fiji.gov.fj
phone: 3301806

# सरकार ने वुनिसिया मार्केट में पूँजी लगाई




हाउजिंग और लौकल गवमन्ट मंत्री माननीय मादिउ नालुमिसा ने सिंगातोका रिवाबेन्क एम्फीथिएटा का औपचारिक उद्घाटन किया और सामाजिक जुड़ाव, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और मनोरंजन के लिए इसके महत्व पर प्रकाश डाला चित्र: सूचना विभाग

शिलता सिंह

इस साल की शुरूआत में, गठबंधन सरकार ने लौकल गवमन्ट मंत्रालय के द्वारा कन्दावु स्थित वुनिसिया मार्केट के सुधार के लिए दो लाख पचास हज़ार डोलर की पुँजी लगाई।

इस योजना में यू एन-विमन ने सत्तर हज़ार डोलर तथा एक लाख अस्सी हज़ार डोलर मंत्रालय द्वारा प्रदान किया गया।

नया विकसित वुनिसीया मार्केट सुविधा में अड़तीस 38 छोटे-छोटे स्टोल्स है, एक भोजनालय और शौचालय की सुविधा शामिल है।

वुएती कन्दावु मार्केट असोसिएशन के प्रधान मोसेसे तुवोली ने कहा कि यह मार्केट आर्थिक विकास का केन्द्र बन गया है।

उन्होंने बताया कि वुनिसेया मार्केट के विकास से पहले, हमें अपने उत्पादनों को ज़मीन पर रखकर बेचना पड़ता था, तथा अपने स्थान को सुनिश्चित करनें के लिए ब्लोक्स का उपयाग करना पड़ता था।"

"अब हमारे पास उचित जगह है और हम सुरक्षित वातावरण में अपना उत्पादन बेच सकते हैं।"

तुवोली ने कहा कि मुख्य सड़क के निर्माण से उनके कोरो से बाज़ार तक उपज की पहुँच में काफी सुधार हुआ है।

"पहले हम नाव से सफर करते थे और लोग हमारे उत्पादन खरीदने के लिए हमारे पीछे दौड़ पड़ते थे। अब हम खुली हुई नई सड़क के ज़रिए आसानी से अपना उत्पादन ले जा सकते हैं," तुवोली ने बताया।

इस विकास से न केवल व्यापार के लिए लेनदेन आसान हो गया है, बल्कि ग्राहकों के लिए भी पहुँच आसान हो गया है।

तुवोली ने गठबंधन सरकार, मार्केट फोर चईन्ज प्रोजेक्ट टीम तथा न्यूज़ीलैंड सरकार के योगदान के लिए उनकी सराहना की।

अब हमारे पास शौचालय, रसोई और कपड़े बदलने और नहाने के लिए जगह जैसी सुविधाएं हैं। इन महत्वपूर्ण बदलावों ने हमारे काम करने की हालात बदल दिया हैं। "

अभी वुनिसिया मार्केट में अट्ठारह बिक्रेता हैं, जिनमें दस स्थायी और आठ केशुअल बिकरेता हैं। इसके अलावा, हर शुक्रवार को लगभग तीस और केशुअल बिकरेता भी सामान बेचने जाते हैं।

यह सुधार योजना खरीदारी माहौल को बढ़ावा देती है, जहाँ ग्राहक विशिष्ट दिनों पर ताज़ी उपज ले जा सकते है।

तवोली ने कहा कि हम सभी जीवन जीने के लिए काम कर रहे हैं, और सरकार से मिले समर्थन से हम आगे बढ़ पा रहे हैं।"

जैसे बाज़ार में लगातार सुधार हो रहा है, श्री तुवोली ने इसमें और सुधार की माँग की है, तथा सरकार से मार्केट के पास सड़क बनाने की माँग की है ताकि धूल को कम किया जा सके और खरीदारी का अनुभव बेहतर बना सके।

वुनिसेया मार्केट सिर्फ सामान बेचने की जगह नहीं हैं, बल्कि यह एक समाजिक केंद्र है जहाँ हम एकत्र होते हैं और एक



हाउजिंग और लौकल गवमन्ट मंत्री माननीय मादिउ नालुमिसा, नमेलीमेली के कोरोवासियों को अपनी ज़मीन विकसित करने के लिए एक नया एक्सावेटर प्रदान करते हुए चित्र: सूचना विभाग

## लौकल गवमन्ट मंत्रालय द्वारा नए मार्केट बनाने और वर्तमान मार्केट के लिए आर्थिक सहायता

**$31.5M**

कुल बजट

सावूसावू मार्केट पूरा करने के लिए **$2.5** मिलियन, नकासी मार्केट के लिए **$477,000** डोलर, लेवूका मार्केट पूरा करने के लिए **$271,000** जबकि राकीराकी मार्केट सुधारने के लिए **$342,000** निकाला गया

# टिकाउ और आर्थिक विकास की दिशा में मार्ग का निर्माण

शीलता सिंह

फीजी जैसे-जैसे विकास और आर्थिक वृद्धि की दिशा की ओर बढ़ रहा है, टूरिज़्म और सिविल अविऐशन मंत्रालय सरकार के उदद्श्यों पर साथ मिल कर काम कर रहा है। यह उपलब्धियाँ मुख्य रूप से टूरिज़्म क्षेत्र में विकास को प्रभावित करेगा। इन उपलब्धियों में शामिल है ना वुआलिकु कार्यक्रम जिसका औपचारिक विमोचन इसी साल बीस सितंबर को उत्तरी विभाग में प्रधान मंत्री माननीय सितिवेनी रम्बुका ने किया।

इस योजना के चलते ग्रामीण और दूरदराज़ में रहने वाले लोगों के लिए रोज़गारी के अवसर मिलेंगे। विश्व बैंक से कर्ज़ लेकर इस योजना को कार्यरूप दिया जाएगा, जो इन क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास को बेहतर बनाने के लिए एक मज़बूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।


इसके अलावा, इस साल फीजी के कृषि विभाग को बदलने के लिए एक फार्म फोर्क योजना शुरू की गई हे, जिसका उदेद्श्य है टिकाउ कृषि प्रयासों तथा स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देना। इस योजना का उदेद्श्य है किसानों को सीधे बाज़ारों से जोड़ना, जिससे स्थानीय रूप से खपत को बढ़ावा देते हुए उनकी आजीविका में सुधार होगा। यह प्रयास न केवल स्थानीय उपज की उपलब्धता को बढ़ावा देता है बल्कि वातावरण स्थिरता को भी बढ़ावा देता है, जिससे यह एक स्वस्थ और अधिक मजबूत खाद्य प्रणाली के लिए फीजी की प्रतिबद्धता की आधारशिला बन जाता है।

इसके साथ, हवाई सेवा समझौता (2024) को भी असर में लाया गया है। इसी साल अट्ठाईस 28 अगस्त को नुकु'आलोफा में प्रशांत द्वीप समूह फोरम नेताओं की बैठक के दौरान फीजी और अमेरिका के बीच ओपन स्काईज़ समझौता हुआ जो द्विपक्षीय सहयोग में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है। जैसे-जैसे फीजी अपने टूरिज़्म क्षेत्र को आगे बढ़ाता जा रहा है, टिकाउ प्रयासों, आर्थिक विकास और समाजिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 2024 में की गई प्रगति भविष्य के विकास के लिए एक मज़बूत आधार तैयार करती है, जिससे यह सुनिश्चित होता हैं कि फीजी दुनिया भर में प्रचलित है। इन योजनाओं के साथ, फीजी सफलता की राह पर चल रहा हे तथा विकास की ओर अपना कदम बढ़ा रहा है।



उप प्रधान मंत्री, टूरिज़्म तथा सिविल अविएशन मंत्री माननीय विलियामे गवोका ने हिल्टन रिज़ोट देनाराउ में एक समारोह के दौरान 2024 स्पाटन अई पी अई सी चेम्पीयनशिप का उद्घाटन करने के बाद कुछ टूरिस्टो के साथ चित्र: सूचना विभाग

## टूरिज़्म बाज़ार से आने वाले टूरिस्टों की संख्या




# वनुआ लेवू का चार सौ मिलियन डोलर का "ना वुआलिकू कार्यक्रम"

महीमा खान

गठबंधन सरकार के वनुआ लेवू में "फीजी टूरिज़्म डिवेलोपमन्ट कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है वनुआ लेवू को एक अग्रणी और संपन्न टूरिज़्म क्षेत्र में बदलना।

चार सौ मिलियन डोलर लागत "ना वुआलिकू कार्यक्रम" फीजी सरकार और वोल्ड बैन्क के सहयोग से तीन चरणों में अगले दस सालों में पूरा किया जाएगा। "ना वुआलिकू कार्यक्रम" के इन चरणों में संसाधनों में भारी विकास, समाज की सहभागिता और एक स्थायी टूरिज़्म मास्टरप्लेन शामिल है। खास करके इस कार्यक्रम के तहत वनुआ लेवू में बेहतर और आधुनिक हवाई अड्डा, रास्ते बनाए जाएंगे, फलता फूलता व्यापार होगा तथा उत्तरी विभाग के लोगों के लिए और नौकरियाँ पैदा होंगी जिससे वनुआ लेवू के लोगों को बहुत फायदे होंगे।

बीस सितम्बर को सावूसावू में "ना वुआलिकू कार्यक्रम का विमोचन करते हुए, प्रधान मंत्री माननीय सितिवेनी रम्-बूका ने कहा कि वो उत्तरी विभाग के लिए इस क्षेत्र में एक बड़ा अवसर देखते है। जबकि अभी कई मेहमान फीजी के अन्य हिस्सों पर ध्यान केंदित कर रहे है, हम यह ध्यान में रखते हुए काम कर सकते हैं और करना भी चाहिए कि उनमें से और अधिक का पता लगाया जा सके कि वनुआ लेवू की सुन्दरता और सं स्कृतिक का अनुभव करें।

उत्तरी विभाग में टूरिज़्म व्यवसाय को बढ़ाने से नौकरियाँ मिलेंगी, स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा के अलावा बहुत कुछ मिलेगा। इस क्षेत्र में पूँजी लगाने की ज़रूरत है। इस विकास पहल का उद्देश्य है बुनियादी ढाँचा तैयार करना, और उत्तरी विभाग में ज़्यादा से ज़्यादा मेहमानों को आकर्षित करना, हमारे लाभों के लिए ज़रूरी सेवाएं तथा फलता-फूलता टूरिज़्म व्यवसाय। इस कार्यक्रम का असर देश भर में महसूस किया जाएगा। इस तरह की पूँजी से लाभ के रूप में स्थानीय समाज को सशक्त बनाया जाता है तथा अर्थ-व्यवस्था भी मजबूत होता है।

उप प्रधान मंत्री तथा टूरिज़्म मंत्री माननीय विलियामे गवोका ने आगे कहा कि वोल्ड बैंक की सहायता वाले कार्य क्रम से वनुआ लेवू की क्षमता को दुनिया के सामने लाएगा जबकि अभी सिर्फ चार प्रतिशत मेहमान ही उत्तरी विभाग जाते है और विति लेवू के पश्चिमी विभाग का दौरा अस्सी प्रतिशत मेहमान करते है।

"यह समझना ज़रूरी है कि इस टूरिज़्म कार्यक्रम के लिए जो दो सौ मिलियन अमरिकी डोलर निर्धारित किया गया है से अन्य क्षेत्रों को बहुत फायदा होगा। यही टूरिज़्म की ताकत है।

# छोटे तथा मध्य व्यापारों का देश में भारी योगदान रहा है

महीमा खान

स्टार होस्पिटैलिटी पीटीई लिमिटेड के चीफ एक्ज़ेटिव ओफिसर आंनद सामी कुमार विपरीत परिस्थितियों में भी आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में छोटे-छोटे व्यापार यानि एम एस एम ई को परिवर्तनकारी क्षमता का प्रतीक मानते हैं।

नवम्बर 2010 में नान्दी शहर के केंद्र में स्थापित, कंपनी ने छोटी शुरूआत की लेकिन 36 कर्मचारियों को रोज़गार देकर फीजी के आतिथि व्यवसाय के लिए एक विश्वसनीय सप्लाएयर बन गई हैं।

स्टार होस्पिटैलिटी ने शुरूआत में कपड़े और युनिफोर्म डिजाइन किया तथा कुमार के नेतृत्व में, कम्पनी बढ़ी और नए बाज़ारों में विस्तारित हुई और हमेशा अपने ग्राहकों की बदलती ज़रूरतों के अनुरूप ढलती रही।

"एम एस एम ई हमारी अर्थ-व्यवस्था की रीढ़ हैं। हमारे लिए, यह हमेशा अपने ग्राहकों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए अपनाने, सीखने और तरीके खोजने के बारे में रहा है," कुमार ने कहा। पिछले कुछ सालों में, स्टार होस्पिटैलिटी को प्राकृतिक विपत्तियों और आर्थिक बाधाओं सहित महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

कुमार ने 2012 में भयंकर बाढ़ और 2016 में समुद्री आँधी विन्सटन के विनाशकारी प्रभावों के बारे में बताया, जिससे भारी नुकसान हुआ था।

"कंपनी ने नाँदी और सिगातोका में होटलों और रिज़ोट्स के लिए वर्दी और उच्च स्तर वाले लिनेन बनाने के लिए सब्लिमेशन मशीनों में पुँजी लगाई जिससे उन्हें बहुत सफलता मिली।"

"कोविड-19 महामारी कई चुनौतियाँ लेकर आई, जिससे पूरे देश में छोटे व्यापारों पर गंभीर असर पड़ा। स्टार होस्पिटैलिटी के लिए राष्ट्रीय निर्यात रणनीति (एनइएस) सहायता कार्यक्रम के माध्यम से सरकारी समर्थन एक महत्वपूर्ण जीवन रेखा बन गया।



स्टार होस्पीटेलिटी पी टी ई लिमिटड के चीफ एक्ज़ेटिव ओफिसर आनन्द सामी कुमार चित्र: सूचना विभाग

श्री कुमार ने इस बात पर प्रकाश डाला कि राष्ट्रीय निर्यातक रणनीति कार्यक्रम ने हमें आवश्यक जीवनरेखा प्रदान की। इसने हमें आवश्सनीय रूप से चुनौतीपूर्ण समय के दौरान अपने परिचालन को बनाए रखने और अपने कार्यबल को नियोजित रखने की अनुमति दी। अपनी स्थापना के बाद से एनइएस कोर्यक्रम ने कृषि और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में 120 सुक्ष्म, लधु और मध्यम व्यापारों में सोलह 16 मिलियन डोलर से ज़्यादा की पुँजी लगाई है।

# मधुमक्खी पालन करने के लिए सरकार से सहायता दी गई



तावुआ में मधुमक्खी पालन करने वाली मेरेलिता यम्बाकीवौ शहद निकालती हुई चित्र: सूचना विभाग

महीमा खान

मधुमक्खी पालन सिर्फ शहद इक्ट्ठा करने तक ही सिमित नहीं है। यह कला और विज्ञान का एक जटिल मिश्रण है, ये जो प्रकिया है जिसमे मधुमक्खियों के व्यवहार और जीवनचक्र को गहरे से समझने की ज़रूरत प्राप्त होती हैं। यही एक हकीकत है जो तावुआ में मधुमक्खी पालन करने वाली मेरेलिता यबाकिवी की प्रेरणादायक यात्रा के केंद्र में है।

मेरेलिता की जो कहानी हैं, यह एक लचीलापन और दृढ़ निश्चय की कहानी हैं। उन्हें अपना मधुमक्खी पालन शूरू करने के लिए व्यापार मंत्रालय (एमसीटीटीटी) से एक हज़ार डोलर मूल्य की समाग्री प्राप्त हुई थी। "सरकार ने मुझे वह शुरूआत प्रदान की जो मुझे अपने सपनों को हकीकत में बदलने के लिए चहिए था। यह सहायता, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे व्यवसायों को सशक्त बनाने की फीजी सरकार की एक प्रतिबद्धता का हिस्सा था, मेरेलिता ने कहा"। उनके जीवन में एक महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब उन्होने स्वास्थ्य मंत्रालय में अपनी नौकरी खो दी क्योंकि उन्होंने महामारी के दौरान टीका नही लगवाया था।

" नौकरी खोना विनाशकारी था लेकिन इसने मुझे एक नया रास्ता तलाशने की अनुमति दी, और तभी मैंने मधुमक्खी पालन में जाने का फैसला किया।

सरकार छोटे-छोटे व्यापारों(एमएमएमइ) आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण मानती है और जीविका को बढ़ावा देने के लिए अनुदान, क्षमता निर्माण कार्यशालाएं और बाजार पहुँच कार्यक्रम जैसी पहल लागू किए। मधुमक्खी पालन एक ऐसा काम है, जिस-की शुरूआत कम खर्च में हो सकती है, वातावरण से लाभ तथा, इससे उच्च फायदे की संभावना भी प्राप्त हो सकता हैं, यह एक ग्रामीण सशक्तिकरण का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र बन गया हैं।

अपनी मधुमक्खी कोलोनी को बनाए रखने के लिए, मेरेलिता ने बताया कि स्वस्थ मधुमक्खी कोलोनी के लिए शहद से भरे फूलों वाले पौधों की ज़रूरत होती हैं।

"यह ज़रूरी हैं कि ऐसा वातावरण बनाया जाए जहाँ मधुमक्खियाँ अच्छे से बढ़ सके। इसके लिए हमें ऐसे फूल और फसलें उगानी चाहिए जो इसके लिए फायदेमंद हों",उन्होंने कहा। उनकी मेहनत सिर्फ व्यक्तिगत प्रयास तक ही सीमित नहीं थी, बल्कि उन्होंने स्थानी किसानों के एक समूह में खुदको शामिल किया, जो नियमित रूप से मिलकर जानकारी बाँटते हैं, समस्याओं का हल निकालते हैं और अपने व्यवसायों को बेहतर बनाते हैं।

"ये सभाएं बहुत ही कीमती हैं, हम इससे शहद की पैदावार बढ़ाने, मधुमक्खी के छत्ते की सेहत बनाऐ रखने और बाज़ार की ज़रूरतों के हिसाब से काम करने पर विचार करते हैं। यह एक सहायक नेटवर्क हैं जो हम लोगों की मदद करता है", उन्होने कहा।

आज मेरेलिता न केवल अपने स्थानीय समुदाय को शहद सप्लाइ करती हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय ओडर्स को भी पूरा करती हैं।

सरकार अपनी कृषि रणनीति के तहत मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देती रही है। नीतियाँ अच्छी प्रथाओं को बढ़ावा देती हैं, जो कीड़े मधुमक्खी से चिपक जाते है और उनका खून पीते है, ये इन जैसे समस्याओं से लिपटने में मदद करती हैं, और शहद और अन्य मधुमक्खी से जुड़े उत्पादन को बढ़ावा देती हैं।

| विभाग | सहायता पाने वालों की संख्या | ग्रान्ट की कीमत |
|---|---|---|
| केन्द्रीय | 362 | $505,673.99 |
| पश्चिमी | 193 | $1,555,975.02 |
| उत्तरी | 222 | $1,252,832.48 |
| पूर्वी | 32 | $114,864.24 |
| कुल | 809 | $3,429,345.73 |

| कार्यक्रम | कितना बजट अलग किया गया | कितना खर्च हुआ | सहायता पाने वाले तथा कम्पनी का नाम |
|---|---|---|---|
| येस कार्यक्रम | एक लाख डोलर $100,000 | $136,157.53 | 1. जोर्ज फोन्ग- टिकट मेक्स<br>2. विनूदा सेनेविरतने - वेलर एथलेटिक्स<br>3. मुनेश प्रसाद - कोकोसिप<br>4. रासालातो यानुयानुरूआ - एसवाए इंटरप्राईस<br>5. अनुराग कुमार |
| नेस कार्यक्रम | दो लाख डोलर $200,000 | $190,883 | 1. निडोस नम्बर वन सप्लाएयस<br>2. गितो स्पोट्सवेयर |
| आए हईच आर डी पी | एक मिलियन डोलर | $1,540,965.67 | 1. मतंगाली तउयासा इंवेस्टमन्ट कौपरेटिव्स लिमिटड<br>2.फीजियन सेफ कम्पनी लिमिटड<br>3. वाईलाईलाई फ्लेट्स कैन प्रोडुसर कौपरेटिव<br>4. लावाको कौपरेटिव लिमिटड<br>5. दीपक फामस कौपरेटिव लिमिटड<br>6. कोरोतोलू कौपरेटिव लिमिटड<br>7. नारोदिवो कौपरेटिव लिमिटड<br>8. फियुचारिस्टक फाम्स<br>9. कोरोनुम्बू कैन फामस कौपरटिव लिमिटड<br>10. नारोदाके कौपरेटिव लिमिटड<br>11.वुनिड्राला होल्डिंग्स<br>12. मिक ट्रान्सफा एन्ड टूवस<br>13. औशन आएलेन्ड वोरिया टूवस<br>14. निकिता फामस कौपरेटिव लिमिटड<br>15. अविश पौल्ट्री फार्म<br>16. वाईलेवू कैन फामस कौपरे-टिव लिमिटड<br>17. वारावू फामस कौपरेटिव लिमिटड<br>18. तोकातोका नमारा डिवेलोपमन्ट पी टी ई लिमिटड<br>19. वुरावेरे इंवेस्टमन्ट पी टी ई लिमिटड<br>20. नउटिलिस एडवेंचर टूवस पी टी ई लिमिटड<br>21. यालोदू इंटरप्राईस कम्पनी पी टी ई लिमिटड |

# रिचमन्ड मेथिडिस्ट हाई स्कूल को पशु और ट्रेक्टर मिला



कन्दावू स्थित रिचमन्ड हाई स्कूल के छात्र सरकार से मिली सहायता से बेहद खुश है चित्र: सूचना विभाग

रोनल देव

गठबंधन सरकार स्थानीय समुदाय, खास करके समुद्री द्वीपों के लिए परिवर्तन और विकास लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

एक अच्छा उदाहरण है कन्दावू स्थित रिचमन्ड हाई स्कूल जहाँ गठबंधन सरकार के हस्ताक्षेप से कृषि कार्यक्रम तथा छात्रों के लिए शिक्षा के अनुभव को बढ़ाया गया। स्कूल को दान के रूप में आठ गाय तथा एक ट्रेक्टर मिला।

स्थानापन सहायक प्रिंसीपल तेनियाला बोलातंगाने का कहना है कि यह दान सरकार के सकरात्मक विकास को दर्शाता है जबकि उनको सत्ता में आए दो साल हुए है। स्कूल के अद्यापक तथा छात्र सहायता का लाभ उठा रहे है।

"अभी ट्रेक्टर का उपयोग हो रहा है तथा पूरी ज़मीन पर हल चला दिया गया है। गठबंधन सरकार की मदद से बहुत जल्द दूध भी उपलब्ध होगा जबकि उनकी कई गायों से बच्चा देने की उम्मीद है। इसका मतलब है कि बहुत जल्द बच्चों को दूध मिलेगा।"

प्रिंसीपल बोलातंगाने का कहना है कि स्कूल, ट्रेक्टर मिलने से बहुत ही खुश है क्योंकि इस तरह की मशीन केवल शहरी इलाकों में पाई जाती है तथा यह स्कूल की एक अनोखी सम्पति है।

उन्होंने कहा कि ट्रेक्टर की मदद से पास की नदी से बालू और पत्थर निकालने में काफी मदद होगी।

"ट्रेक्टर की सहायता के बिना बालू और पत्थर, तबेले तक लेजाना छात्रों के लिए बहुत बड़ी चुनौति होती तथा हम सरकार की सहायता के बहुत आभारी है।"

फिलहाल, आठ गायों से जबकि जल्द बच्चा देने की उम्मीद है तो स्कूल भी दूध उपलब्ध करना चाहता है। कन्दावू में बहुत कम पशु पालन हो रहा है इस वजह से स्कूल को अच्छा अवसर मिला है।

"इससे जो आमदनी होगी वो स्कूल के संसाधनों के अलावा बैकरी अवन पर सुधारकार्य करने में खर्च होंगे। बोलातंगाने के कहा कि सरकार से मिली सहायता से उन्हें भारी मदद मिली है, लेकिन स्कूल केवल सहायता पर ही निर्भर नहीं रहना चाहता है। अगर सरकार, आमदनी बढ़ाने वाले क्षेत्रों में हमारा समर्थन कर सकती है, तो हम इस स्कूल को वर्तमान की तुलना में कही बेहतर वातावरण में बदल सकते हैं।

## मंत्रालय की इस साल उपलब्धियाँ जिन्हें मंत्रीमण्डल ने स्वीकृति दी है:

**सत्ताईस फरवरी 2024**
- खास और सम्मिलित शिक्षा नीति।
- फीजी नेशनल टेकनिकल और वोकईशनल एडुकैशन तथा ट्रैनिंग नीति।

**छब्बीस मार्च 2024**
- फीजी नेशनल एडुकैशन सम्मेलन 2023 रिपोर्ट।

**तेरह अगस्त 2024**
- सरकारी सेकन्ड्री स्कूलों में स्कूल पादरी पदों को दोबारा भरने तथा गैर-सरकारी स्कूलों में पादरी के लिए खर्च बाँटने की व्यवस्था।

**दस सितम्बर 2024**
- एडुकैशन एक्ट 1966 की समीक्षा।

**दस सितम्बर 2024**
- राष्ट्रीय परीक्षा की प्रकिया में स्केलिंग दोबारा शुरू करने पर सार्वजनिक परामर्श।

**तेरह अक्टूबर 2024**
- छात्रों के लिए बस के भाड़ा की सबसिडी

## सभी के लिए उच्च कोटी और सम्मिलित शिक्षा

गठबंधन सरकार हमारे देश में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने, इसे बदलने का प्रयास जारी रखे हुई है ताकि यह सभी छात्रों की ज़रूरतों को पूरा कर सके, और फीजी में सभी बच्चों को उच्चकोटी और सम्मिलित शिक्षा प्रदान करने के लिए अटल है।

शिक्षा मंत्री माननीय असेरी रंड्रोड्रो ने सभी माता-पिताओं, बच्चों की देखभाल करने वाले तथा अद्यापकों को धन्यवाद दिया जिन्होंने अपने बच्चों में नागरिक गौरव तथा नैतिक मूल्यों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और इस बात पर ज़ोर दिया कि मंत्रालय को इस बात का ध्यान रखने के लिए मिलकर काम करने के लिए उनके समर्थन की ज़रूरत है कि हमारे बच्चों को स्कूल और घर दोनों जगह वह पोषण और ध्यान मिले जिसके वे हक़दार हैं।

## वनुआ लेवू में दो स्कूलों के लिए नए संसाधन

वनुआ लेवू के दो स्कूल, रातू लूके मेमोरियल प्रायमरी स्कूल तथा वाई लेवू वेस्ट डिस्ट्रिक्ट स्कूल के अद्यापक तथा छात्र खुशियाँ मना रहे है जबकि उन्हें नए तथा मजबूतर संसाधन प्राप्त हुए है जो चार साल पहले समुद्री आँधी यासा में क्षतिग्रस्त हो गया था।

सहायक शिक्षा मंत्री माननीय इलिएसा वानावालू ने क्षेत्र की शिक्षा ज़रूरतों को मजबूत करने में इन विकासों के महत्व पर प्रकाश डाला।

ऑस्ट्रेलियन सरकार के समुद्री यासा के सुधारकार्य वाले कार्यक्रम से चार मिलियन डोलर लागत सहायता प्रदान की गई है। इन योजनाओं में नए क्लासरूम, अबलूशन ब्लोक, स्टाफ कोटस तथा केंटीन शामिल है जिन्हें मजबूती से बनाया गया जो केटगी पाँच समुद्री आँधी का सामना कर सके, जो यह ध्यान में रखेगा कि यह इमारतें न केवल सीखने के लिए सुरिक्षत हो बल्कि विपत्ति के समय राहत केन्द्र के रूप में भी काम में आ सके।

ऑस्ट्रेलियन सरकार की इस सहायता से स्थानीय अर्थ-व्यवस्था में उछाल होने के अलावा, कई सौ नौकरियाँ उपलब्ध होने के साथ-साथ सुधारकार्य में जितना सामान लगा सभी स्थानीय तौर से खरीदा गया था। नई सुविधाओं से अभी के तथा भविष्य के छात्रों को लाभ होगा जो फीजी के सभी बच्चों के लिए सुरक्षित तथा उच्च से उच्च शिक्षा प्रदान करने की पीपल्स गठबंधन सरकार की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

शिक्षा मंत्रालय हमारे स्कूलों के पुनर्निर्माण और हमारे बच्चों को सुरक्षित शिक्षा तक पहुँच का ध्यान करने में उनके लगातार समर्थन और साझेदारी के लिए ऑस्ट्रेलियन सरकार की इमानदारी से सराहना करता है।

## मंत्रालय की इस साल उपलब्धियाँ जिन्हें मंत्रीमण्डल द्वारा स्वीकृति मिली:

* खास और सम्मिलित शिक्षा नीति। सत्ताईस फरवरी 2024
* फीजी नेशनल टेकनिकल और वोकईशनल एडुकैशन तथा ट्रैनिंग नीति। सत्ताईस फरवरी 2024
* फीजी नेशनल एडुकैशन सम्मेलन 2023 रिपोर्ट। छब्बीस मार्च 2024
* एडुकैशन एक्ट 1966 की समीक्षा। दस सितम्बर 2024
* राष्ट्रीय परीक्षा की प्रकिया में स्केलिंग दोबारा शुरू करने पर सार्वजनिक परामर्श। दस सितम्बर 2024
* छात्रों के लिए बस के भाड़ा की सबसिडी। तेरह अक्टूबर 2024
* सरकारी सेकन्ड्री स्कूलों में स्कूल पादरी पदों को दोबारा भरने तथा गैर-सरकारी स्कूलों में पादरी के लिए खर्च बाँटने की व्यवस्था। तेरह अगस्त 2024
* पेसिफिक कोमुनिटी फोर पेसिफिक लिटरसी एन्ड नुमरसी असेसमन्ट एडमिनिस्ट्रेशन के साथ समझौते की चिट्ठी। तेरह अगस्त 2024
* चीनी सरकार के शिक्षा मंत्रालय तथा फीजी के शिक्षा मंत्रालय के बीच संयुक्त चीनी भाषा शिक्षा कार्यक्रम पर समझौता। तेरह अगस्त 2024
* फीजी एडुकैशन कमिशन। आठ अक्टूबर 2024

2024 शिक्षा पाठ्क्रम सलाहकार सेवाओं की उपलब्धि

1. कानूनी और नीति ढाँचे की समीक्षा
* राष्ट्रीय भाषा नीति की समीक्षा
* स्कूलों में छात्रों को भर्ती करने की नीति की समीक्षा
* स्कूलों में पढ़ने वाली किताबों की नीति की समीक्षा
* स्कूल प्रमुख की स्कूल पुस्तिका की समीक्षा

ये नीति समीक्षाएं शिक्षा प्रणाली में सुधार लाने और यह सुनिश्चित करने के लिए मूलभूत हैं कि यह ज़रूरतों को पूरा करती है। यह उभरती राष्ट्रीय ज़रूरतों के प्रति जवाबदेही दिखाता है और भविष्य के शैक्षित सुधारों के

email: news@moc.gov.fj;
@FijiRepublic;
Fiji Government;
www.fiji.gov.fj
phone: 3301806






संसाधन, पब्लिक वोक्स तथा ट्रान्सपोट मंत्री माननीय रो फिलिपे तुईसवाउ, वोटा अथोरिटी ओफ फीजी के कर्मचारियों के साथ
चित्र: सूचना विभाग

# वुनाईलो निवासियों को पानी वाली समस्या से राहत मिली

शीलता सिंह

पिछले पन्द्रह सालों से, कान्ता देवी और विसेइसेइ बेकरोड, लौतोका में रहने वाले उनके पड़ोसी पानी वाली समस्याओं का सामना कर रहे थे। सरकार की सहायता से उनकी पानी वाली समस्या ख़त्म हो गई है। पानी का प्रेशा कम होना, बार-बार पाइप टूटने और लगातार बिलिंग समस्याओं का सामना करना उनकी आम ज़िन्दगी का एक हिस्सा बन गई थी।

कान्ता उस कठिन परिस्थिति को याद करती हैं जब नए निवासी वहाँ बसने आए तथा उन्हें अपने पानी का मीटर हटाने के लिए कहा गया था। लेकिन इसे हटाने के लिए उन्होंने पाँच सौ डोलर भरा हालाकि पानी का मीटर कुछ ही दूरी तक खिस्काया गया था।

"पानी का प्रेशा हमेशा से ही बहुत कम रहता था, और हमने कितनी ही बार पब्लिक वोक्स विभाग से शिकायत की लेकिन कुछ नहीं किया गया।"

"जब कोई हमें बताता तबही हमें पता चलता कि मीटर काट दिया गया है या 'पाइप टूट गया है।' जब तक हमें एहसास होता, हम तीन सौ से पाँच सौ डोलर भर चुके होते थे जो पानी हमने उपयोग ही नहीं किया।

"अब हम बहुत राहत महसूस कर रहे हैं। हर एक घर का अब अपना मीटर है, और अब पानी का बिल ज़्यादा नहीं आ रहा है न ही पानी की कोई कमी है। इस सुधार के लिए हम सरकार तथा वोटर अथोरिटी के बहुत आभारी हैं।"

वुनाकईलो पानी विस्तार योजना की शुरूआत के कारण अब भारी सुधार हुआ हैं, जो विसेइसेइ के निवासियों को भी विश्वसनीय और उन्नत पानी सप्लाई प्रदान करने का वादा करता है।

इस पहल से कान्ता और उसके पड़ोसियों द्वारा सालों से झेली जा रही सारी चुनौतियों का समाधान हुआ है तथा अब पानी का प्रेशा सही होने से साठ 60 घरों तथा लगभग तीन सौ साठ 360 लोगों को लाभ हुआ है।

वोटा अथोरिटी ओफ फीजी के चीफ एक्ज़ेटिव ओफिसर अमित चानन ने बताया कि इस योजना में मौजूदा डी एन 200 और डीएन80 लाइनों को जोड़ने के लिए डीएन100 मुख्य जल लाइन का विस्तार करना शामिल है। और भी नई योजनाओं के लिए जांच और परिक्षण जारी है।

"इस योजना से पहले, कान्ता जैसे निवासियों को 500 मीटर खाली ज़मीन पर एक पतली पंद्राह मिलिमीटर पाईपलाइन से सेवा प्रदान की जाती थी। हालाकि, ज़मीन लीज़ पर देने के बाद, नए मालिकों ने पाइपलाइन ही रोक दिया जिसे मुख्य पाइप से काट दिया गया था। मामले को और भी बदतर बनाने के लिए जंगली पशु और घोड़ों ने बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाया, जिससे पानी की समस्या और खराब हो गई थी।"

चनन ने कहा, "वुनाकईलो पानी वाली योजना के साथ, यह चुनौतीयाँ जल्द ही पुरानी बात हो जाएंगी।"

पूरी होने पर, वुनाकाईलो पानी विस्तार योजना निवासियों के लिए स्थायी लाभ प्रदान करेगी, जिसमें शामिल है:

* सभी साठ घरों को अच्छे प्रेशा की पानी सप्लाई मिलेगी।
* पीनी की समस्या में सुधार होने के बाद स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी दूर हो जाएंगी।
* पानी वाली महँगी सेवाओं पर निर्भता कम हो गई है।
* वोटा अथोरिटी ओफ फीजी की सेवाओं में सुधार हुआ है।

यह योजना न केवल विसेइसेइ बेकरोड के लिए एक बड़ी जीत है, बल्कि फीजी के समाज के जीवन को बेहतर बनाने के लिए वोटा अथोरिटी ओफ फीजी के लगातार सहायता को भी दर्शाती है। लम्बें समय से चली आ रही बुनियादी ढाँचे की चुनौतियों से निपटकर, वुनाकईलो पानी विस्तार योजना उन लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए तैयार है, जिन्हें इसकी सबसे ज़्यादा ज़रूरत है।




संसाधन, पब्लिक वोक्स तथा ट्रान्सपोट मंत्री माननीय रो फिलिपे तुईसवाउ पानी वाली एक योजना का विमोचन करते हुए
चित्र: प्रदान किया गया

## "2024 - 2025 के बजत में मंत्रालय को 721.4 मिलियन डोलर दिया गया"

✦ सोलर होम स्टिम्स कार्य कम के लिए 30 लाख डोलर

✦ तमावुआ-ई-वाई ब्रिज का पुनर्निर्माण 11 मिलियन डोलर

✦ 721.4 मिलियन डोलर के कुल बजट में से, 507.4 मिलियन डोलर संसाधनों में लगाया गया है



✦ 5 मिलियन डोलर से ग्रमीण सड़कों का सुधार किया गया

✦ परिवहन अवसंरचना परियोना: 12 मिलियन डोलर ( अइबीडी): विश्व बैंक: 14 मिलियन डोलर

email: news@moc.gov.fj;
@FijiRepublic;
Fiji Government;
www.fiji.gov.fj
phone: 3301806

# जी सी सी की वापसी एक महत्वपूर्ण कदम

महीमा खान



उच्च सामन्तों के सदस्य जी.सी.सी वाली एक बैठक के बाद                चित्र: सूचना विभाग

सोलह साल बाद ग्रेट कान्उसल ओफ चीफ्स की वापसी देश की सामाजिक समस्याओं को सुलझाने में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जी.सी.सी के अध्यक्ष विलियामे सेरूवाकुला ने बताया कि जीसीसी समाजों को एक साथ लाने में मदद करता है, खासकर इ-तउकेई लोगों को और उनकी पारंपरिक सामाजिक संरचना को मज़बूत करती है जो काउंसिल के बिना कमज़ोर हो गए थे।

जीसीसी की दोबारा स्थापना को सरकार द्वारा सम पर उठाए गए कदम के रूप में देखा जाता है जिसका उद्देश्य शिक्षा, शासन और इ-तउकेइ समाज की भालाई जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करना है।

"विशेष रूप से शिक्षा की कमी और ज़रूरतों के बारे में जागरूकता के कारण आधुनिक नेतृत्व को चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। वे इस बात पर जोर देते हैं कि इन चुनौतियों के बावजूद, जीसीसी की वापसी देश की सामाजिक संरचना को पुनर्जीवित करने में महत्वपर्ण है, जिसे जीसीसी की अनुपस्थिति के दौरान नुकसान हुआ था। जीसीसी के वर्तमान कार्य में शिक्षा, स्वास्थ्य,शासन और सांस्कृतिक संरक्षण जैसे मुद्दे शामिल हैं,"सेरूवाकुला ने प्रकाश डाला।

पिछली सरकार की नीतियों का इ-तउकेई समाज पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है, खासकर ज़मीन, संसाधन, शिक्षा और सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्रों में। अब इ-तउकेई लोगों को नुकसान पहुंचाने वाले कानूनों की समीक्षा और बदलाव के प्रयास हो रहे हैं। एक महत्वपूर्ण निगरानी उनकी संस्कृति को संरक्षित करना है, जिसे आधुनिक शिक्षा के कारण लुप्त होने का खतरा है।

जीसीसी के सदस्य अब अधिक सक्रिय हैं और समस्याओं पर चर्चा करने और उन्हें हल करने के लिए प्रतिबध्द हैं। वर्तमान नेताओं से कहा जा रहा है कि वे नशीली पदार्थों का सेवन, गरीबी और महिलोओं के खिलाफ हिंसा जैसी समस्याओं के लिए अधिक जिम्मेदारी लें। उद्धेश्य यह है कि समाधान समुदाय स्तर से शुरू हों और पारंरिक नेता इन सामाजिक मुद्धों को हल करने में सक्रिय रूप से शामिल हों।

यह ज़रूरी है कि कामकाजी लोगों को विदेश भेजने से पहले स्थानीय समुदायों से सलाह ली जाए ताकि उनकी अनुपस्थिति से कोरो में समस्याएँ न पैदा हों। उद्धेश्य यह है कि पारंपरिक प्रणालियाँ और संरचनाएँ समाजिक चुनौतियों को हल करने में मजबूत और प्राभावी बनी रहें। जीसीसी की वापसी को इ-तउकेई समाज में एकता के पुनर्मिर्माण और लम्बे समय से चले आ रहे मुद्धों को संबोधित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में कहा जाता है, खासकर शिक्षा, शासन और सांस्कृतिक संरक्षण जैसे क्षेत्रों में। आशा है कि सहयोग और मजबूत नेतृत्व से देश की चुनौतियों से निपटा जा सकेगा।




# वासा की एक नई आशा

महिमा खान

एक माँ की खुशियों का ठिकाना न रहा जब उन्हें पता चला कि रूरल हाउज़िग सहायता कार्यक्रम के नीचे उनके नए घर का सारा खर्च तावेयुनी स्थित सौशल वेलफेया मंत्रालय सहेगा।

वाईरिकी तावेयुनी की मेरेसईनी के पाँच बच्चे थे जिनमें से दो का निधन एक छोटी बीमारी के बाद हुआ जबकि उनके पति की मृत्यु एक नाव दुर्घटना में हुई।

उन्होंने कहा कि उनके पति को गुजरे हुए छ: साल हो गए हैं और वह अब अपने तीन बच्चों की देखभाल करती हैं जिनमें से एक विकलांग है।

उनके अनुसार वो अपने पिता की बहुत आभारी है जिन्होंने उनके बच्चों की देखभाल करने में मदद की।

वासा ने कहा कि वह हर दिन प्रार्थना करती थीं और वो बेहद खुश है कि ईश्वर ने उनकी प्रार्थना सुनते हुए आर्शिवाद के रूप में एक नया घर दिया जो एक विकलांग व्यक्ति की भी देखभाल करता है।

" मैं कपड़े सिलाई करके, बेचकर अपनी जीविका चलाती हुँ तथा इससे जो पैसा मैं कमाती हूँ वह मेरे और मेरे बच्चों के लिए भाजन लाने के लिए पर्याप्त है।"

"माँ के तौर पर अपनी जिम्मेदारियाँ निभाना आसान नहीं था, लेकिन इस मदद से मुझे नई उम्मीद मिली है कि मेरे परिवार और मेरा जीवन बेहतर होगा।"

वासा ने कहा कि वह वर्तमान सरकार, खासकर तवेयुनी के डिस्ट्रक्ट अफ्सर और रूरल हाउजिंग सहायता कार्यकम की आभारी हैं, जिन्होंने अर्जी लगाने में उनकी मदद की।

2024-2025 के राष्ट्रीय बजट के अनुसार रूरल हाउज़िग सहायता कार्यकम का लक्ष्य है ग्रामीण और तटीय क्षेत्रों में सुरक्षित, मजबूत, पर्याप्त, सस्ते और टिकाउ घर प्रदान करना। इससे कमजोर समुदायों के लिए विपत्ति के जोखिमों को कम करने में मदद मिलेगी।

रूरल हाउज़िग सहायता कार्यक्रम को 2024-2025 के राष्ट्रीय बजट में तीन मिलियन निकाला गया था।

फिलहाल, महिला, बच्चे तथा सामाजिक सुरक्षा मंत्रालय को 2024/2025 राष्ट्रीय बजट में 199,506.5 मिलियन डोलर दिया गया है। समीक्षा और ढाँचे में बदलाव के तहत डिपाटमन्ट ओफ चिल्रन की स्थापना के लिए अस्सी हज़ार डोलर अलग किया गया है।

मंत्रालय की योजनाओं के तहत लौतोका स्थित गोल्डन अईज हौम पर सुधारकार्य के लिए $344,900 निकाला गया है।

बच्चों की भलाई वाले सेन्टर पर सुधारकार्य के लिए दो लाख पचास हज़ार डोलर दिया गया है।

लौतोका में वृद्ध लोगों के लिए एक सेन्टर का निर्माणकार्य करने के लिए दो लाख पचीस हज़ार डोलर निकाला गया है।

बेयरफुट कोलज को पूरा करने तथा संचालन के लिए नौ लाख डोलर अलग किया गया है।

सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम के द्वारा कमज़ोर और पिछड़े परिवारों, बुर्जुगों, विकलाँग लोगों के लिए जीवन स्तर में सुधार लाने पर काम जारी है:

* परिवारों की सहायता वाली स्कीम के लिए चौवालिस मिलियन डोलर
* देखभाल और सुरक्षा स्कीम के लिए सत्राह मिलियन डोलर
* सौशल पेंशन स्कीम के लिए अठहत्तर मिलियन डोलर
* विकलाँग लोगों के अलावन्स के लिए सत्राह मिलियन डोलर
* ट्रान्सपोट अलावन्स के लिए तेरह मिलियन डोलर
* गर्भवति माताओं को भोजन सहायता के लिए चार लाख डोलर अलग किया गया था

email: news@moc.gov.fj;
@FijiRepublic;
Fiji Government;
www.fiji.gov.fj
phone: 3301806

# टेलीकाफ्रेंसिंग ने कदावु में स्वास्थ्य देखभाल सेवा को बदल दिया

महीमा खान

कदावु में ज़मीन के आकार को देखते हुए, टेलीकाफ्रेंसिंग हमारे कार्यों के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण बन गया है।
ये भावनाएँ स्थानापन सिनिया मेडिकल अफसर (एस एम ओ) ड्राक्टर कृष्ण प्रसाद ने बाँटा है जो लगभग चार साल से अस्पताल में काम कर रहें हैं।
यह तरीका गठबंधन सरकार तथा स्वास्थ्य और चिकित्सा सेवा मंत्रालय ने तकनीकी का प्रयोग कर के ग्रामीन क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने के लिए किया गया हैं। मंत्रालय की रणनीतिक योजना 2020-2025 के हिस्से के रूप में, मंत्रालय विशेष देखभाल तक पहुंच में सुधार और शहरी सुविधाओं पर बोझ को कम करने के लिए हेल्थ सेवाओं के उपयोग को प्रोत्साहित करना है, जिससे अंतत: पूरे देश में स्वास्थ्य देखभाल की योग्यता में वृद्धि होती हैं।
पिछले साल के अंत शुरू की गई इस पहल के बारे में डाक्टर प्रसाद ने बताया कि स्थापित टेलीकाफ्रेंसिंग से आंतरिक चिकित्सा विभाग की टीम के साथ सूवा के सी डबलू एम अस्पताल और सुवा के टूमी अस्पताल में आयोजित किए जाते हैं।
" हम बाल चिकित्सा विभाग और अन्य युनिट्स के साथ नियमित टेलीकाफ्रेंसिंग शुरू करना चाहते है, जिससे मामले मे पर चर्चा हो सके जो हमें इस स्तर पर बेहतर प्रबंधन प्रदान करने में सक्षम बनाए" ।
डाक्टर प्रसाद ने यह भी कहा है कि कदावु से सूवा सफर करना मरीजो के लिए महंगा है, इसलिए टेलीकाफ्रेंसिंग से सूवा मे विशेष देखभाल प्राप्त करने का बोझ काफी कम हो जाता हैं।
दूसरी ओर विशेषज्ञ स्थानीय सामाज चिकित्सकों को रोग की देखभाल जारी रखने पर सलाह दे सकते है।
इससे सूवा में सेवाओं पर दबाव भी कम हो जाता है, क्योंकि कई मरीज़ कदावु से आते हैं। सुवा-नौसोरी में बिना रिशतेदारों के मरीजो को सूवा में रहने में कठिनइयों का सामना करना पड़ता है और वे इलाज कराने में झिझक सकते हैं ।
उन्होने उल्लेख किया कि टीम अक्सर अपने जो नेसिंग सटेशनों के साथ टेलीकाफ्रेंसिंग आयोजित करती हैं, जिससे प्रभावी मरीज़ निगरानी में रहता हैं।
उदाहरण के तौर पर, वुनिसिया से कावला तक की यात्रा में लगभग दों घंटो का फासला हैं, जबकि नाकारा की यात्रा में ढाइ घंटे लगते हैं। संतोषजनक मामले में, मरीज़ को अपने इलाके में रहने के लिए कहा जाता और उचित उपचार प्राप्त करने के लिए भी कहा जाता हैं।
डाक्टर प्रसाद ने ज़ोर दिया कि बाहरी विशेषज्ञों के समर्थन से, उनकी टीम को मासिक टेलीकाफ्रेंसिंग स्रोतों से भी लाभ मिलता हैं।
" हमने एक त्वचा-विज्ञान विभाग बानाया हैं जिसके द्वारा हम बिमारियों के मामले में वायबर पर बात कर सकते है, जो इजाज़त देता है कि अच्छी तरह से ऐसी विषयों पर चर्चा करने के लिए और सीखने की भी सहायता प्रदान करता है जो मरीज़ो को सामुदाय में सम्भालना असान कर देता हैं।




नए तकनीक के उपयोग से संतोषजनक मरीज़ों का इलाज उनके घर बैठे ही हो जाता है

# कन्दावु में स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा

महीमा खान

गठबंधन सरकार फीजी में स्वास्थ्य सेवा संसाधन और सेवाओं को बढ़ाने पर अटल है। वुनिसीया अस्पताल के साथ कन्दावु और आस-पास के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं में महत्वपूर्ण विकास हुआ है, जो स्वास्थ्य क्षेत्र में गठबंधन सरकार की प्रमुख उपलब्धियों को रेखांकित करता हे।
स्थानापन सिनिया मेडिकल अफसर (एस एम ओ) ड्राक्टर कृष्ण प्रसाद जो अस्पताल में अपने चौथे वर्ष में हैं, ने वुनिसीया अस्पताल के बारे में जानकारी प्रदान की तथा अस्पताल और उसके स्वास्थ्य केंद्र से संबांधत जानकारी भी दी।


वुनिसेया अस्पताल में आस-पास के इलाकों के लोगों का इलाज भी होता है चित्र: प्रदान किया गया।

"वुनिसीया अस्पताल पच्चीस बिस्तरों वाला अस्पताल है, जिसमें गर्भावस्था वाली महिलाओं के लिए चार बिस्तर है, दो बाल चिकित्सा बिस्तर और दो आपात स्थिति के लिए बिस्तर शामिल हैं। बाकी अस्पताल में पुरुष और महिला दोनों तरह के मरीज़ों के लिए वोर्ड बिस्तर हैं।" डाक्टर प्रसाद ने कहा
"एक सप्ताह में, हम उम्मीद करते हैं कि आउट पेशेंट की संख्या एक सौ से 130 तक होगी, तथा अन्य मरीज़ों की संख्या पाँच से दस तक होगी।"
डाक्टर प्रसाद ने कहा कि अकेले इस साल अस्पताल में व्यापक संसाधन विकास हुआ है, जिसका कन्दावु के लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा हैं।"
"सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए स्वास्थ्य केंद्र के फर्श को पूरी तरीके से सुधारा गया है। ये स्वास्थ्य टीम और विभाग सहयोग टीम द्वारा मिलकर किया गया हैं।"
उन्होंने पहले बताया था कि फर्श की हालत खराब हो गई है और कई बार कर्मचारियों को फर्श पर फिसलने की वजह से चोटें भी आई हैं।

## स्वास्थ मंत्रालय


अस्पताल में सुधार का काम: शहरी अस्पताल और कोटस ($4,मिलियन); सुधार का काम किया जाएगा। विभागीय अस्पताल, स्वास्थ्य केंद्र और नर्सिंग स्टेशन ($2.4 मिलियन) का सुधार।

सावुसावु अस्पताल के सुधार के लिए ($200,000); लम्बासा अस्पताल के सुधार के लिए ($5.1 मिलियन); नया तामावुआ रिहेबिलिटेशन अस्पताल के निर्माण के लिए ($400,000) दिया गया है।



किडनी डायलिसिस उपचार सब्सिडी के लिए तीन लाख डोलर($3,000,000) लगाया गया है।

2024-2025 के बजट के लिए, स्वास्थ्य और चिकित्सा सेवा मंत्रालय को कुल $451.8 मिलियन दिया गया था।


email: news@moc.gov.fj;
@FijiRepublic;
Fiji Government;
www.fiji.gov.fj
phone: 3301806

# टिकाउ बकरी पालन के लिए परियोजना



देश में बकरी पालन को बढ़ावा देने से माँस के आयात में कमी होगी जिससे देश का कम पैसा बाहर जाएगा  चित्र: सूचना विभाग

महिमा खान

होस्पिटैलिटी और होटल मैनेजमेंट की यूनिवर्सिटी ग्रेजुएट ज़बीन खान ने कभी खुद को होस्पिटैलिटी क्षेत्र में कामयाब होने का सपना देखा था लेकिन कोविड-19 महामारी ने उन्हें एक अलग लेकिन फायदेमंद रास्ते पर लाकर खड़ा किया।

आज, वह अपने पति के पारिवारिक बकरी फार्म की देख भाल करती हैं, तथा यह न केवल एक फार्म है बल्कि एक सौ बीस से ज़्यादा बकरियों के साथ एक संपन्न व्यवसाय में बदल दिया है। सरकारी सहायता और स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता के साथ, ज़बीन न केवल अपने खेत को बढ़ा रही हैं, बल्कि फीजी के कृषि क्षेत्र में भी अपना योगदान दे रही हैं।

"महामारी ने सब कुछ बदल दिया, मैं हार्ड रोक कैफे में काम करने से लेकर बकरियों की देखभाल करना सीखने तक पहुँच गई। यह आसान नहीं था क्योंकि उस दौरान टूरिज़्म क्षेत्र महामारी से बुरी तरह प्रभावित था, लेकिन उस समय ऐसा करना सही लगा।"

तीन साल पहले महामारी के दौरान, जब ज़बीन ने पहली बार खेत में कदम रखा, तो कई मुश्किलें तो आई लेकिन बहुत सी नई चीज़े सीखने को मिलीं। नया परिवार शुरू करने से लेकर खेती की शारीरिक ज़रूरतों को पूरा करने तक, हर दिन नई चुनौतियाँ सामने आई।

'"मुझे बकरी पालन के बारे में कुछ भी नहीं पता था, लेकिन मैंने सीखने का साहस किया। बकरियाँ मेरी नई 'मेहमान' बन गई और मैं अब उनकी बेहतर देखभाल करना चाहती हूँ।" बेहतर बुनियादी ढाचे की ज़रूरत को समझते हुए, ज़बीन ने कृषि सहायता कार्यक्रम के तहत सरकारी सहायता के लिए अर्ज़ी लगाई तथा इस सहायता से उन्हें एक आधुनिक बकरी शेड बनाने में मदद मिली।

"यह शेड हमारे लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ था, जिसने हमारी क्षमता बढ़ाई और हमारी बकरियों के स्वास्थ्य और कल्याण में सुधार किया। सरकार की सहायता ने हमें वो बड़ावा दिया जिसकी हमें ज़रूरत थी। यह जानना उत्साहजनक है कि वे हमारे जैसे किसानों का समर्थन कर रही हैं," ज़बीन ने कहा। बेहतर बुनियादी ढांचे के साथ, ज़बीन अब बड़े पैमाने पर बकरी के माँस का उत्पादन बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। हमारे पास स्थानीय स्तर पर उत्पादन करने और विदेश से आने वाले माँस पर देश की निर्भरता कम करने की क्षमता है। यहाँ उत्पादित बकरी के मांस का हर किलो विदेश से लाने वाली मांस के मिलान में खर्च को कम करेगा।

"मैं चाहती हूँ कि हमारा खेत दूसरों के लिए एक उदाहरण बने, अगर हम सही समर्थन के साथ एसा कर सकते हैं, तो दूसरे भी एसा कर सकते हैं। इसका उदेद्श्य है पूरे कृषि व्यवसाय में एक लहर जैसा प्रभाव पैदा करना" ज़बीन ने कहा।

अपनी नई भूमिका को अपनाना आसान नहीं था, ज़बीन ने बताया कि ऐसे भी दिन थे जब मुझे खुद पर संदेह होता था लेकिन हर चुनौती ने मुझे कुछ नया सिखाया।

चाहे सरकारी सहायता के लिए कागज़ी कार्रवाई हो यह बकरीयों के व्यवहार से निपटना हो, मुझे एहसास हुआ कि मेहनत ही सफलता की कुँजी है। मैं और मेरे पति खेत सम्भालने में सहायता करने वाले अन्य मज़दूरों के साथ मिलकर काम करते हैं, और यह साझेदारी हमारी ताकत रही है। खेती एक व्यक्ति का काम नहीं है, इसके लिए सहयोग और लक्ष्य बाँटने की ज़रूरत होती है।" ज़बीन का सपना है कि भविष्य में वह अन्य किसानों, खासकर महिलाओं के साथ अपने ज्ञान बाँटने के लिए  कार्यशालाएं आयोजित करेंगी।

"खेती को अक्सर पुरूषों का काम माना जाता है, लेकिन मैं इस सोच को बदलना चाहती हूँ। महिलाए भी इस क्षेत्र में नेतृत्व कर सकती हैं", ज़बीन ने जोश के साथ कहा।

"अगर ज़्यादा से ज़्यादा किसान स्थानीय उत्पादन बढ़ाएंगे तो हम विदेशी उत्पादनों पर कम निर्भर रहेंगे और एक मज़बूत अर्थ व्यवस्था बनाएँगे। यह केवल खेती के बारे में नहीं है बल्कि यह राष्ट्र निर्माण के बारे में भी है," ज़बीन से कहा।

होस्पिटैलिटी से लेकर कृषि तक ज़बीन खान की यात्रा लचीलेपन, अनुकूलता और समर्थन के परिवर्तन शक्ति की कहानी हैं।

"मैंने कभी खुद को एक किसान के रूप में नहीं देखा था, लेकिन मैं यहाँ हूँ, एक व्यवसाय बना रही हूँ, अपने देश में योगदान दे रही हूँ, और इसके हर पल का आनंद ले रही हूँ।"

फीजी कृषि विकास को प्राथमिकता दे रहा है, इसलिए ज़बीन की कहानी हमें याद दिलाती है कि संकल्प, मेहनत और सहायता के साथ, व्यक्ति सार्थक परिवर्तन ला सकते हैं और स्थायी प्रभाव पैदा कर सकते हैं। 2024-2025 राष्ट्रीय बजट में कृषि और वोटरवैस मंत्रालय को 101.2 मिलियन डोलर दिया गया।

## किसानों के अन्य क्षेत्र के लिए सहायता



**कृषि मंत्रालय ने कुल 3,000 किआनों और 600 कृषक परिवारों को प्रदान की है।**



### कृषि विकास योजना कार्यक्रम में शामिल है:

यंगोना किसानों के लिए यंगोना सुखाने के लिए शेड का प्रबंध

यंगोना खेती कार्यक्रम के कुल बारा किसानों को सहायता प्रदान की है।

बोहोल प्रणाली प्रबंध: 2023/2024 राष्ट्रीय बजट में मंत्रालय के माध्यम कृषि विकास कार्यक्रम ने पश्चिमी विभाग में पांच किसानों को बोहोल की सहायता प्रदान की गई है।

डेयरी फार्म: इस योजना से कुल 27 नए डेयरी फार्म स्थापित किए गए:
- आठ पश्चिम में
- सोलह केन्दीय में
- तीन पूर्व में
- एक उत्तर में

कृषि-टूरिज़्म सहायता: सामुदायिक कृषि योजना के माध्यम से किसानों को कुल $3000 लागत पैसों से मदद प्रदान की गई है।

email: news@moc.gov.fj;
@FijiRepublic;
Fiji Government;
www.fiji.gov.fj
phone: 3301806

# वुवाले साझेदारी की पहला वर्षगांठ

शीलता सिंह




प्रधान मंत्री माननीय सितिवेनी रम्बूका फीजी की विदेशी नीति पर एक सफेद कागज़ात का विमोचन करते हुए    चित्र: सूचना मंत्रालय

फीजी और औस्ट्रेलिया ने नए वुवाले साझेदारी की पहली वर्षगांठ मनाई, जिसपर अट्ठारह अक्टूबर 2023 को प्रधान मंत्री माननीय सितिवेनी रम्बुका और औस्ट्रेलिया के प्रधान मंत्री एन्थानी अल्बानीज़ द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे।
2019 में हुआ समझौता फीजी-आँस्ट्रेलिया वुवाले साझेदारी के पहले कदम से दोनों देशों के बीच सहयोग और मित्रता के प्रति प्रतिबद्धता का संकेत दर्शाता है। नई चुनौतियों और समाधान पर जवाब में, फीजी और औस्ट्रेलिया ने 2023 में वुवाले साझेदारी की व्यापक संयुक्त समीक्षा प्रकिया शरू की। अक्टूबर 2023 में औस्ट्रेलिया में प्रधान मंत्री माननीय सितिवेनी रम्बुका की सरकारी यात्रा के दौरान नए वुवाले साझेदारी हमारे संयुक्त सिद्धांतों का प्रतिनिधित्व करती है। यह जलवायु परिवर्तन से निपटने और हमारी आर्थिक और व्यापार साझेदारी को मज़बूत करने के लिए है।
आर्थिक साझेदारी के माध्यम से, औस्ट्रेलिया ने फीजी के आर्थिक सुधार का समर्थन किया है, जिसमें बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य और शिक्षा शामिल है। फीजी सरकार की सहायता के लिए बजट समर्थन भी शामिल है। फीजी और औस्ट्रेलिया सूवा के सी.डबलू.एम अस्पताल के लिए एक मास्टर प्लेन तैयार करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। यह एक नए राष्ट्रीय अस्पताल की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो फीजी के लोगों को बेहतर सेवाएं प्रदान कर सकेगा।
फीजी और ओस्ट्रेलिया के समझौते के तहत फीजी के बंदरगाह की सेवाओं में सुधार लाई जाएगी तथा साइबर घटनाओं पर प्रतिकिया को और मज़बूत करेगा। फीजी और आँस्ट्रेलिया ब्लू पैसिफिक महाद्वीप के सामने आने वाली समस्याओं को संबोधित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें जलवायु परिवर्तन से निपटना और शांति के महासागर की खोज में साथ मिलकर काम करना शामिल है। फीजी और आँस्ट्रेलिया 2025 की शुरूआत में एक साथ मिलकर उन महत्वपूर्ण उपलब्धियों का जश्न मनाएंगे जो दोनों देशों ने हमारी नए वुवाले साझेदारी के पहले वर्ष के दौरान हासिल की हैं। फीजी और ओस्ट्रेलिया हमारे लक्ष्यों को पूरा करने के लिए वुवाले की भावना में सच्ची साझेदारों के रूप में एक साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।


## समुद्री संरक्षण पहल संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण

मछली पालन मंत्रालय अपनी समुद्री संरक्षण पहल को लागू करने और बनाए रखने में काफी प्रगति कर रहा है।
इस साल, मंत्रालय ने फीजी के जल प्राँगण का दस प्रतिशत से अधिक समुद्री संरक्षित क्षेत्र (एमपीए) बनाया। यह समुद्री जीवन की रक्षा करने, लुप्तप्राय प्रजातियों को रहने के लिए सुरक्षित स्थान देने और समुद्र को अत्यधिक उपयोग से उबरने में मदद करने के लिए महतवपूर्ण है। मंत्रालय ने स्थानीय समुदायों और संगठनों के साथ मिलकर कोरल पुनर्स्थापन परियोजनाओं पर काम किया। उन्हों ने क्षतिग्रस्त चट्टानी क्षेत्रों में 50,000 से अधिक कोरल टुकड़े लगाए, ताकि इन महत्वपूर्ण जीवों को फिर से जीवन मिल सके। 2024 में, 20 से अधिक कोरो ने इसे औपचारिक रूप दिया, जिसमें मछली भंडार और पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित करने की अनुमति देने के लिए पारंपरिक प्रतिबंध (ताम्बू क्षेत्र) शामिल है

## सही मछली पालन को बरकरार रखने के लिए मंत्रालय की सख्ती

टिकाउ मछली प्रबंधन के तीन मुख्य हिस्से हैं, जिनमें राष्ट्रीय नीति (2023) में कुछ नए बदलाव शामिल है, जिसके तहत मंत्रालय ने फीजी के संसाधनों की स्थिरता सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अर्ज़ों के माध्यम से महत्वपूर्ण प्रगति की है और इसमें ज़्यादा मछली पकड़ने से निपटने के लिए मछली पकड़ने के कोटा, लाइसेंसिंग और निगरानी पर सख्त नियम लागू किए हैं।
"मछलियाँ समीक्षक कार्यकम" की शुरुआत का उदेद्श्य है स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय मछली पकड़ने वाले जहाजों पर समीक्षा की तैनाती बढ़ाना और यह सुनिश्चित करना कि संचालन टिकाउ प्रथाओं का पालन करते हैं, जिससे समुद्री पारिस्थितिक तंत्र पर प्रभाव कम होगा। पारंरिक मछली पकड़ने (ईकोलीकोली) के मालिकों के साथ सहयोग करते हुए, मंत्रालय से सह-प्रबंधन योजनाओं को लागू करने पर काम किया, जो " तटीय प्रबंधन" के माध्यम से तटीय पालन के उपयोग को प्राथमिकता देता है। इस योजनाओं के कारण विनाशकारी मछली पकड़ने की प्रथाओं में कमी आई है और युवा मछलियों की आबादी बढ़ाने की सुरक्षा हुई है।

## वर्तमान समय में फीजी के आधिकारिक आर्थिक विकास का 56%



email: news@moc.gov.fj;
@FijiRepublic;
Fiji Government;
www.fiji.gov.fj
phone: 3301806

# रेजिस्ट्री दफ्तरों और व्यापार रेजिस्टर की स्थापना

महीमा खान

न्याय मंत्रालय के माध्यम से गठबंधन सरकार देश भर में अधिक रजिस्ट्री दफ्तर स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

न्याय मंत्री, माननीय. सिरोमी तुराँगा ने इस साल की शुरूआत में संसद में कहा था कि इस पहल का लक्ष्य सभी फीजीवासियों को न्याय उपलब्ध कराना है। इसमें आगे बढ़ने की कार्यक्रम शामिल हैं जो ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में लोगों को सीधे जुड़ते हैं।

उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस साल दस से तेरह सिहंबर तक कोरो द्वीप तक पहुंच का प्रयास इस पहल का एक आदर्श उदाहरण है। मंत्रालय ने कोरो द्वीप पर स्थानीय पोस्ट ओफिस में जन्म, मृत्यु और विवाह कार्यलय खोलने के लिए पोस्ट फीजी लिमिटेड के साथ काम किया। इससे वहां के लोगों के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेज़ प्राप्त करना आसान हो जाता है,जिन तक पहुंचने में उन्हें पहले लंबी यात्रा तय करने के कारण परेशानी होती थी।

मंत्री तुराँगा और उनकी टीम ने पांच कोरों-नासाउ, नबुना, नाकोदू, नकामाकी और नवागा का दौरा किया, समुदाय के साथ बातचीत की और उपलब्ध सेवाओं के बारे में जानकारी का प्रसार किया।

यह प्रयास सबके दूरदराज के समाजों को भी सहायता प्रदान करके यह सुनिश्चित करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि कोई भी पीछे न छूट जाए। इन स्थानीय रजिस्ट्री दफ्तरों की स्थापना सरकारी सेवाओं की पेशकश के तरीके में एक बड़ा बदलाव है, जो उन्हें लोगों के रोजमर्रा के जीवन के करीब लाती है।

मनानीय. सीरोमी ने कहा कि यह कार्य बहुत सफल रहा जहाँ कई लोगों ने अपने व्यवसायों को पंजीकृत करने में सहायता प्राप्त करने का अवसर लिया।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि 25 से 29 सितंबर तक ओवालाउ में मंत्रालय ने व्यवसाय रेजिस्ट्रेशन और जन्म, मृत्यु और विवाह रेजिस्ट्रेशन सहित महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान करना जारी रखा।

इस प्रयास से अकेले लेवुका में लगभग 253 नए व्यवसाय रेजिस्टा हुए, कई निवासी पहले सरकारी सहायता प्राप्त करने के लिए रेजिस्टा होने की ज़रूरत से अनजान थे। "कई निवासी अपने व्यवसायों को रेजिस्टा करने से अनजान थे जब तक कि उन्होंने सरकारी सहायता नहीं मंगी, जहां रेजिस्ट्रेशन की ज़रूरत थी।"



न्याय मंत्री माननीय सिरोमी तुराँगा नसाउ पोस्ट ओफिस में सरकारी सेवाओं को लोगों तक पहुँचाते हुए चित्र: सूचना विभाग

"मंत्रालय की योजना और केंद्र न्याय प्रणाली में विश्वास बनाने में मदद करने पर है, क्योंकि लोगों को उन सेवाओं से वास्तविक लाभ मिल सकता है जिन तक पहुंच आसान है।"

अंत में माननिय सिरोमी तुराँगा ने फीजी में सुधार के लिए मंत्रालय की चल रही प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला, इस बात पर जोर दिया कि वे विकास के लिए न्याय और समाज को बढ़ावा देने में दृढ़ हैं।

# फीजी कोरेक्शन्स सेवा दूारा की गई पहल

शीलता सिंह

न्याय मंत्रालय, ईमानदारी और जवाबदेही के सिद्धांतों को बनाए रखने के अपने लक्ष्य में अटल रहा है। पिछले कुछ महीनों में मंत्रालय की उपलब्धियाँ सार्वजनिक सेवा में सफलता के लिए हमारे निरंतर प्रयास का संकेत हैं।

इस साल की शुरूआत में संसद में न्याय मंत्री माननीय सिरोमी तुरांगा ने ऐसा कहा जब उन्होंने फीजी कोरेक्शन्स सेवा के माध्यम से गठंबधन सरकार दूारा की गई पहल पर प्रकाश डाला था।

मंत्री ने कहा कि फीजी कोरेक्शन्स सेवा के संचालन में परिवर्तन लाना है और न्याय के साथ काम करना हैं

"अगले साल में इस सुधार को अमल में लाने के लिए, फीजी कोरेक्शन्स के अधिकारी एक टीम की स्थापना करेगें। इस कार्य में एक एजेंडा और एक प्रस्तावित कर्मचारी स्थापना विकसित करना शामिल है, जिस विचार के लिए फाईनेन्स मंत्रालय को पेश किया जाएगा "साल के अंत में, एक नई प्रबंधन टीम अगले पांच वर्षों में फीजी कोरेक्शन्स सेवा में सुधार लाने के लिए कार्य संभालेगी। माननीय सि-रोमी ने यह भी कहा कि फीजी कोरेक्शन्स सेवा भी अपने सुधार और अपने विधानों की समीक्षा कर रही है। फीजी कोरेक्शन्स सेवा कई क्षेत्रों का संचालन करती है, जिसमें कपड़े सिलना, कृषि उत्पादन और पोल्ट्री उत्पादन शामिल हैं, इससे हर महीने लगभग 100,000 डोलर की आमदनी होती हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना सुधार प्रणाली में शामिल लोगों के लिए स्थायी और प्रभावी अवसर रही करने तथा राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में योगदान देने की गठबंधन सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं।

# न्याय मंत्रालय व्यापक आगे बड़ते पहल आयोजित करता है।



न्याय मंत्री माननीय सिरोमी तुराँगा , न्यायपाकि के कर्मचारियों के साथ चित्र: सूचना विभाग

महीमा खान

न्याय मंत्रालय के माध्यम से गठबंधन सरकार अपने व्यापक आगे बड़ते कार्यक्रमों के मध्यम से सभी फीजीवासियों के लिए न्याय को सुलभ बनाने के लिए प्रतिबध्द है जो सीधे ग्रामीण और दूरदराज के समुदायों से जुड़ते हैं। माननीय न्याय मंत्री जी ने प्रकाश डाला कि इस साल की शुरूआत में सिरोमी तुरागा ने संकेत दिया कि न्याय मंत्रालय कि सबसे मशहूर पहलों में से इस साल की शुरूआत में 13 से 18 अगस्त तक हुई थी, जब मंत्रालय ने यासायासा मोआला में एक आगे बड़ते कार्यक्रम आयोजित करने के लिए शिक्षा मंत्रालय के साथ सहयोग किया था।

उन्होंने कहा कि इस पहल का उददृश्य टोटोया,मटुकु और मोआला जैसे गांवों को आवश्यक कानुनी दस्तावेज प्राप्त करने के संबंध में सहायता और शिक्षित करना था, जो एक ऐसा मुद्दा था जो लं बे समय से इन क्षेत्रों में कई व्यक्तियों को उनके पूर्ण कानूनी अधिकारों और पहचान को समझने से रोकता था।

इस आउटरीच के दौरान, मंत्रालय, के अधिकारियों ने यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए कि निवासी महत्वपूर्ण रजिस्ट्री सेवाओं तक पहुंच सकें। उन्होंने चार अदालती विवाह आयोजित किए, जिससे जोड़ों को आधिकारिक तौर पर अपने संध को वैध बनाने में मदद मिली, कुछ ऐसा जो कई लोग दूरी और अन्य चुनौतियों के कारण पहले नहीं कर सके थे।

"इस पहल ने देर से जन्में सात लोगों को भी पंजीकृत किया, जिससे बच्चों को जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करने में मदद मिली, जो शिक्षा, स्वास्थय देखभाल और अन्य सेवाओं तक पहुंचने के लिए महत्वपूर्ण हैं।"

प्रासासन ने 27 नए व्यवसाओं को रेजिस्टा करने में मदद की, जिससे उद्यमियों को आधिकारिक समर्थन और वित्तिय सेवाओं तक पहुंच प्राप्त हुई। इसने 14 नए जन्म पंजीकरण और 2 जन्म प्रमाणपत्र नवीनीकरण भी पूरे किए, जिससे समुदीय को लाभ हुआ।

माननीय. सिरोमी ने कहा कि मंत्रालय लोकतंत्र के स्तंभ और सार्वजनिक प्रशासन में आशा की किरण के रूप में खड़ा है, उन्होंने एक ऐसे समाज को बढ़ावा देने में इन पहलों के महत्व पर जोर दिया जंहा न्याय कायम हो।

उन्होंने आगे इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे मंत्रालय केवल एक सेवा नहीं, बल्कि आवश्यक सेवाओं को सीधे उनके दरवाज़े तक पंहुचाकर फीजी के नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

email: news@moc.gov.fj;
@FijiRepublic;
Fiji Government;
www.fiji.gov.fj
phone: 3301806

# रोज़गार मंत्रालय ने स्थानीय के अलावा विदेशी कर्मचारियों के हित में काफी काम किया



रोज़गार मंत्री माननीय अग्नि देव सिंह ने एक ट्रैनिंग में हिस्सा लेने वालों को बताया कि ट्रईनिंग सही समय पर हो रही है तथा सार्वजनिक क्षेत्र की उत्पादकता को आगे बढ़ाने के लिए ज़रूरी है चित्र: सूचना विभाग

शीलता सिंह

रोज़गार, उत्पादक और कार्यस्थल मंत्रालय के लिए 2024 में सब से प्रमुख उपलब्धि वातुकौला माईन के तैंतीस साल लम्बी हड़ताल का समाधान है। मंत्रालय और फीजी माईन के मज़दूरों के बीच हुए समझौते में सरकार ने 368 माईन के मज़दूरों को, या उनके परिवारों को ( जिनकी मृत्य हो गई है ) को कुल 9.2 मिलियन डोलर का पईमन्ट अगले साल तक दिया जाएगा। 3.6 मिलियन डोलर का पहला पईमन्ट, जिसमें 368 मज़दूरों या उनके परिवारों में से प्रत्येक को दस हज़ार डोलर मिला है जो इस साल अक्टूबर में किया गया था।

> “प्रत्येक मज़दूर या उनके परिवार को पन्द्रह हज़ार का आख़िरी भुगतान अगले वर्ष 2025-2026 के राष्ट्रीय बजट में किया जाएगा। इसकी धन राशि 5.6 मिलियन होगी। अंतर्राष्ट्रीय मज़दूर कार्यालय ने इसे दुनिया की सबसे लंबी हड़ताल मानी है।”

2024 में मंत्रालय ने गठबंधन सरकार की एक प्रमुख नीति पर भी काम किया, जो कि देश के दस आर्थिक क्षेत्रों में कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय वेतन में 50 सेंट्स की वृद्धि करना था। अप्रैल 2025 को 50 सेंट्स की और वृद्धि होगी।साल के दौरान प्रशांत ओस्ट्रेलिया कर्मचारियों के गतिशीलता कार्य कम के संबंध में भी बदलाव लागू किए गए हैं। इनमें से प्रमुख है ओस्ट्रेलियन सरकार के पारिवारिक सहयोग पायलट कार्यक्रम में फीजी को शामिल करना, जिसमें फीजी के पाम कर्मचारियों को अपने परिवारों को औस्टेलिया ले जाने की अनुमति देगा। बयासी परिवार नवंबर 2024 के मध्य में अपने पिता या माता से मिलने के लिए रवाना हुए। हमारे पाम कर्मचारियों को औस्टेलिया के कार्यस्थल न्याय वीज़ा से भी लाभ होगा, जो दुनिया में पहली बार होगा। यह वीज़ा गतिशीलता कर्मचारियों सहित उन प्रवासी कर्मचारियों को अनुमति देगा, जिनका काम पर शोषण किया गया है। जिन कर्मचारियों को शोषण का सामना करना पड़ा है, उनके लिए वीज़ा रद्धीकरण के खिलाफ नई, मज़बूत सुरक्षा भी पेश की गई है।

## वतुकउला गोल्ड माईन हड़ताल का समझौता

**$9.2M**

कुल भुगतान

तीन सौ अड़सठ (368) के हर एक खान मजदूर को पचीस हज़ार ($25,000) डोलर दिया गया। पहला दस हज़ार ($10,000) डोलर इस बजट से दिया गया जबकि बाकी पंद्राह हज़ार ($15,000) डोलर 2025-2026 बजट से दिया जाएगा।

## पेसिफिक लईबा मोबिलिटी कार्यक्रम में मुख्य बदलाव

- भर्ती करने वाले औस्ट्रेलियन अईजेन्ट्स पर लगातार नज़र रखना
- जाने से पहले वाली ट्रैनिंग को चार दिन से बढ़ाकर दो सप्ताह करना
- देश के संपर्क अफ़सरों से शीघ्र और नियमित रिपोट लेना
- फीजी को परिवार साथ जाने वाले कार्यक्रम में शामिल किया गया
- दुनिया में पहली बार, नौकरी पर सताने वालों को वोक प्लेस वीज़ा प्रदान करना
- नौकरी पर गलत काम के शिकार मज़दूरों के वीज़ा रद्ध करने के खिलाफ और सुरक्षा
- पाम के प्रभाव को सुधारने के लिए फीजी और औस्ट्रेलिया आँकड़ा बाँटने की पहल कर रहे है
- फीजी मंत्रीमण्डल ने लईबा मोबिलिटी, पोलिसी फ्रेमवोर्क और स्ट्रेटेजी का समर्थन किया

email: news@moc.gov.fj;
@FijiRepublic;
Fiji Government;
www.fiji.gov.fj
phone: 3301806



हाए पेफोमा बिल्डिंग द्वारा एक घर का मोडल दिखाया जा रहा है। इस तरह के घर समुद्री आँधियों का सामना करने के अलावा टेमाईट से भी सुरक्षित रहेगा चित्र:प्रदान किया गया



रूकुना कोरो बेन्गा के कोरोवासियों को ग्रामीण तथा बाहरी द्वीप के विकास मंत्री माननीय सकियासी दितोका ने उनकी खुद की नाव और इंजिन प्रदान की चित्र: सूचना विभाग

# हाउजिंग सहायता कार्यक्रम से ज़रूरतमंदों को राहत मिली

शीलता सिंह

तावेयुनी के वुना कोरो के सैमोनी लोंगा उस नए घर को लेकर उत्साहित हैं जिसे वे अपने बेटे को उपहार के रूप में सौपेंगे।

श्रीमान लोंगा ने अपने बेटे, जो यांगोना के एक किसान है, की मदद से ग्रामीण हाउंसिग सहायता (आरहईचअइ) कार्यक्रम के लिए अर्जी दी थी।

उन्होंने उत्साहपूर्वक कहा, " मैं वर्तमान में घर बनाने में मदद कर रहा हूँ, जिसे मैं अपने बेटे को सौंप दूंगा जब वह इस साल के अंत में तूतू तकनीकी कोलेज से सफल हो जाएंगे।"

"मेरा बेटा अपने नए घर में वापस आ सकेगा, और मुझे उसपर और उसकी उपलब्धियों पर बहुत गर्व है।" लोंगा ने कहा कि माता-पिता को हमेशा अपने बच्चों का ध्यान रखना चाहिए और उनकी बात सुननी चाहिए। उन्होंने कहा, " हमें हमेशा उन पर विश्वास करना चाहिए और उनसे हमेशा अच्छी उम्मीद रखनी चाहिए।"

आर हइच एइ कार्यक्रम के तहत चार हाउसिंग योजनाएं पेश की गई हैं। ग्रामीण हाउसिंग सहायता (आर हइच ए) कार्यक्रम की स्थापना ग्रामीण और समुद्री समुदायों की ज़रूरतों का समर्थन करने के लिए हाउसिंग सहायता प्रदान करने के लिए की गई थी।

श्री लोंगा ने कहा कि इस योजना के लिए एक तिहाई पैसा भरना पड़ेगा, जबकि ग्रामीण और समुद्री विकास मंत्रालय दो तिहाई भुगतान करेगा।

2024-2025 के राष्ट्रीय बजट के तहत, ग्रामीण हाउसिंग सहायता कार्यक्रम का उदेद्श्य है ग्रामीण और समुद्री क्षेत्र के लिए सुरक्षित और कम खर्च को बढ़ावा देना; इस प्रकार के कमज़ोर समुदायों के लिए विपत्ति जोखिम को कम करना।

ग्रामीण हाउसिंग सहायता कार्यक्रम को 2024-2025 को राष्ट्रीय बजट में तीन मिलियन डोलर दिया गया था।

मंत्रालय के पेमनन्ट सक्रेटरी स्केटरी इसोआ तालेमाईबुआ ने 2024-2025 के राष्ट्रीय बजट पर बाते करते हुए कहा कि इस योजना के बाद वे अगले साल भी इसी पर ध्यान देंगे।



ग्रामीण तथा बाहरी द्वीप के विकास मंत्री माननीय सकियासी दितोका, नारायण डक फार्म के मालिक लक्ष्मी नारायण के फार्म का उद्घाटन करते हुए चित्र: सूचना विभाग



### मंत्रालय को 2024/2025 राष्ट्रीय बजट में 37.9 मिलियन डोलर दिया गया है

ग्रामीण हाउजिंग सहायता के लिए तीन मिलियन डोलर अलग किया गया है

डिज़ास्टा रिलीफ और रिहेबिलिटेशन के लिए एक मिलियन डोलर

इमेजेन्सी पानी सप्लाई के लिए तीन लाख डोलर

समाज में एक्सेस रास्ता, फुटपाथ तथा पैदल चलने वाले पुल के लिए दो मिलियन डोलर

सेल्फ हेल्प योजना के ग्रान्ट के लिए एक मिलियन डोलर

रूरल हाई रिस्क वोटर सेनिटईशन योजना के लिए एक मिलियन डोलर निकाला गया है

email: news@moc.gov.fj;
@FijiRepublic;
Fiji Government;
www.fiji.gov.fj
phone: 3301806

# चीनी व्यवसाय को बढावा देने की सरकार की प्रतिबद्धता

शीलता सिंह



चीनी मंत्री माननीय चरन जिथ सिंह ने गन्ने के किसानों को राहत देने के लिए ग्रान्ट प्रदान किया चित्र: प्रदान किया गया

चीनी मंत्रालय स्थिरता का समर्थन करने के लिए मंत्रालय के पूंजी कार्यक्रमों और नई योजनाओं के माध्यम से सभी किसानों तक अपनी सेवा पहुंचाने का प्रयास कर रहा है। चीनी व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए चीनी मंत्रालय का बजट बढ़ाकर 70.1 मिलियन डोलर किया गया।

मंत्रालय के लिए 2024 में सबसे बड़ी उपलब्धि एतिहासिक गन्ने का पईमन्ट रहा है। गठबंधन सरकार ने गन्ने के किसानों के लिए अटूट समर्थन की पुष्टि

बहु-जातीय मामलों और चीनी मंत्रालय द्वारा फीजीवासियों के प्रतिबद्धताओं को साफ किया है।

इस साल मई में किसानों को 21 डोलर 75 सेन्ट्स प्रति टन के हिसाब से

पईमन्ट मिला, जिससे पिछले साल की फसल का पईमन्ट अब तक का सबसे ज़्यादा 101.08 डोलर प्रति टन हो गया है।

हालाकि दिवाली से पहले 2 डोलर 57 सेन्ट्स प्रति टन दिया जाना था, लेकिन जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न गंभीर कठिनाइयों और चीनी क्षेत्र को बनाए रखने की ज़रूरत के कारण सरकार ने इससे भी आगे जाने का फैसला किया।

सरकार ने गन्ने के पईमन्ट में 1 डोलर 43 सेन्ट्स प्रति टन की वृद्धि की, जिससे कुल भुगतान 4 डोलर प्रति टन हो गया, ताकि अधिक सहायता और प्रोत्साहन दिया जा सके। फीजी के गन्ना क्षेत्र में, इससे कुल गन्ना भुगतान सब से अच्छा, 105.08 डोलर प्रति टन हो गया है।

नए किसानों को सहायता देने के लिए चीनी मंत्रालय ने 2023-2024 के बजट से दो मिलियन डोलर अलग किया था, जिसमें $1.5 मिलियन किसानों को उनके गन्ने की ज़मीन की लीज़ के प्रिमियम में सहायता करने के लिए और आधा मिलियन डोलर नए किसानों को खेती वाली ज़मीन खरीदने के लिए निकाले गए है। बाधाओं को दूर करने के लिए, चीनी मंत्रालय ने गन्ना निकालने वाले रास्ते पर मरम्मद के लिए चार मिलियन डोलर भी अलग किया है।

वुनिका, लाम्बासा के उनतीस वर्षीय शामल चंद ऐसे ही एक किसान हैं, जिन्हें हाल ही में चीनी मंत्रालय के प्रोत्साहन कार्यक्रम से ग्रान्ट मिला है। लगभग तीन सालों से गन्ना बोने वाले चन्द एक नए किसान है जिन्हों ने सहायता के लिए सरकार को धन्यवाद दिया। इसके बाद, चंद ने 19 अक्कड़ गन्ना वाली ज़मीन खरीदी, और दो सालों में अपने उत्पादन में वृद्धि की और भविष्य में 200 टन गन्ना पैदा करने का संकल्प लिया है।

"आज मुझे जो सहायता मिली है, उससे मेरा कर्ज़ चुकाने का बोझ कम हो जाएगा। इससे मेरे परिवार को पैसे बचाने में मदद मिलेगी, और कर्ज़ चुकाने के लिए हमें अपनी जेब ढीली नहीं करनी पड़ेगी।" शमल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा।

मंत्रालय की योजनाओं में गन्ना ढुलाई कार्यक्रम शामिल है, जिसके तहत राकीराकी गन्ना जिला क्षेत्र के किसानों को कटे हुए गन्ने को रारावाई मिल तक ले जाने में सहायता की जाएगी। घास नाशक सब्सिडी कार्यक्रम, जिससे किसानों को विडीसाइड की दरों का उपयोग कम करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा और मैन्युअल कार्यक्रम शुरू किया जाएगा, जिससे उत्पादकों के लिए प्रयास में कभी आएगी और कटाई का खर्च कम होगा।

# फीजी शुगा कौपरेशन की 2024 सालाना रिपोर्ट

रोनल देव


- फीजी शुगा कौपरेशन की आमदनी में हिस्सेदारी पिछले साल के 64.25 मिलियन डोलर की तुलना में 71.15 मिलियन डोलर थी।
- व्यापारिक मुनाफा 13.13 मिलियन डोलर था जो कि पिछले साल 7.45 मिलियन डोलर था।
- संचालन से जो मुनाफा हुआ वो 2.51 मिलियन डोलर था जबकि पिछले साल 4.98 मिलियन डोलर का घाटा हुआ था।
- इस साल का संचालन घाटा 4.24 मि-लियन डोलर था जो पिछले साल तईस (23) मिलियन डोलर था।

सम्पति प्लान्ट तथा उपकरण में दस मि-लियन डोलर से कुछ ज़्यादा की पूँजी लगाई गई थी जो पिछले साल 6.94 मिलियन डोलर थी।

## संचालन

- इस साल इक्तीस हज़ार आठ सौ पंद्राह हेक्टेयर खेत से 1.57 मिलियन टन गन्ना पेरा गया जबकि पिछले साल चौतीस हज़ार आठ सौ उन्नासी हेक्टर ज़मीन से 1.64 मिलियन टन गन्ना पेरा गया।
- चीनी का उत्पादन इस साल 139,628 टन था जो पिछले साल 155,812 टन था।
- कितना टन गन्ना पेरने के बाद कितनी टन चीनी बनाई गई का रेशियो इस साल 11.2 था जबकि पिछले साल यह 10.5 था।
- इस साल 104,670 टन चीनी विदेश भेजी गई जबकि पिछले साल 144,279 टन चीनी भेजी गई थी।

गन्ना काटने वाले मजदूरों की संख्या में भारी गिरावट देखी गई है जहाँ पाँच हज़ार से छ: हज़ार मजदूर ही अब गन्नों की कटाई कर रहे है। गन्ने कटाई के इस मौसम मज़दूरों की खोज करना तथा उनका खर्च सहना किसानों के लिए बहुत मुश्किल हो गया है। इस साल 42.2 प्रतिशत गन्नों की कटाई मशीनों द्वारा हुई थी। 2022 के मिलान में इसमें पाँच प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2016 में केवल 8.9 प्रतिशत गन्ने की कटाई मशीनों द्वारा हो रही थी और पिछले सात से आठ सालों में भारी प्रगति हुई जहाँ तक हावेस्टर की संख्या और उनके द्वारा ज़्यादा से ज़्यादा गन्ना काटने का सवाल है। मशीनों की संख्या बनयान्बे 92 से बढ़ी है जबकि अब 42.4 प्रतिशत गन्नों की कटाई मशीनों द्वारा हो रही है। यह गन्ने की खेती की बढ़ती माँग और मशीनों की तत्काल ज़रूरत का स्पष्ट प्रमार्ण है।



email: news@moc.gov.fj;
@FijiRepublic;
Fiji Government;
www.fiji.gov.fj
phone: 3301806




देश में सरकार की योजना से बनने वाला पहला गैस का शव गृह, तुआ तुआ लम्बासा श्मशान भूमि पर बनाया गया है जिसका उद्घाटन मल्टी एथनिक अफेयस मंत्री चरन जिथ सिंह तथा रोज़गार मंत्री माननीय अग्नि देव सिंह ने मिलकर किया चित्र: प्रदान किया गय

# फीजी में सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध

शीलता सिंह

बहुजातीय मामलों का मंत्रालय फीजी के विविध बहुजातीय समाज में समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए एक नया स्थापित मंत्रालय है।

2024/2025 राष्ट्रीय बजट में फीजी में सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा देने के लिए कुल छ: मिलियन डोलर अलग किया गया।

मंत्रालय का उद्देश्य है धार्मिक स्थानों में सुधार, बहु-जातीय संसाधन में सुधार और भाषा, संस्कृति और कला को बढ़ावा देने के लिए कार्य कमों की रूपरेखा तैयार करना है।

बहुजातीय मामलों के मंत्रालय के लिए 2024 में मुख्य उपलब्धि गिरमिट दिवस का विशाल आयोजन था, फीजी में गिरमिट मजदूरों के आगमन के एक सौ पैतालिस 145 साल पुरे होने का जशन मनाया गया था।

मंत्रालय को इस साल गिरमिट दिवस समारोह के लिए दो लाख तीस हज़ार डोलर दिया गया था, जिनमें से तीस हज़ार डोलर का उपयोग लौतोका गिरमिट सेन्टर पर सुधार कार्य के लिए किया गया है और दो लाख डोलर इस दिवस को मनाने में खर्च हुआ। इसके महत्व को ध्यान में रखते हुए, मंत्रालय ने गिरमिट रिकोर्ड को तकनीकी रूप से सुरक्षित करने का काम भी शरू किया है।

मंत्रालय की दूसरी उपलब्धि गैस से चलने वाले शव गृह योजना है। बहुजातीय मामलों और चीनी मंत्रालय ने देश के अन्य इलाकों में शव गृह बनाने की योजनाओं का प्रस्ताव रखा है, जिनमें लौतोका, बा और नावुआ शामिल हैं।

इन योजनाओं में से तुआ तुआ गैस श्मशान योजना सबसे पहली योजना है। समाज के लोग इन श्मशानों के पर्यावरण के अनुकूल सुविधाओं में अपने प्रियजनों का सम्मान के साथ अंतिम विदाई दे सकेंगे। तुआ तुआ गेस श्मशान के स्तर को बरकरार रखने के लिए 4K कोन्सट्रक्शन को चुना गया है।

यह संभव है कि कम संख्या वाले जातीय आबादी के लोगों को नज़रअंदाज़ किया गया होगा या उन्हें पिछले कुछ वर्षों में सरकार से कोई मदद न मिली होगी। मंत्री माननीय चरण जीथ सिहं ने दाला और वई मागेरा सेटलमेन्ट्स में परामर्श के दौरान फीजी में कम संख्या वाले जातीय समाज की विकास ज़रूरतों को पूरा करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर ज़ोर दिया।

इस समस्याओं और विकास आवश्यकताओं को संबोधित करने, अन्य सभी जातीय सामाज का प्रतिनिधित्व करने और सुनिश्चित करने के लिए कि हम सभी एक देश के रूप में आगे बढ़े, गठबंधन सरकार ने बहु-जातीय मामलों का मंत्रालय बनाया है। मंत्रालय का उदद्श्य आने वाली भविष्य में सां स्कृतिक कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर और सब के साथ मिलकर सामाज में भागीदारी को बढ़ावा देना है।



चीनी मंत्रालय देश में अलग-अलग कौपरेटिव्स को खेतों में काम आसान करने के लिए मशीनों से मदद कर रही है। चित्र: प्रदान किया गया

Monday December 2, 2024 | 16 pages | www.fiji.gov.fj

फीजी दर्पण

सरकार की उपलब्धियों का विशेष प्रकाशन

# नई राष्ट्रीय विकास योजना, आम जनता की योजना है



बाएं ओर से :टूवस मेनेजस के मेनेजिंग डायरेक्टर दामेन गाउन्डर, उप प्रधान मंत्री माननीय मानोआ कमिकमिदा, उप प्रधान मंत्री और फायनेन्स मंत्री माननीय प्रोफेसर बिमान प्रसाद तथा फीजी नेशनल प्रोविडन्ड फन्ड के चीफ एक्ज़ेटिव ओफिसर, विलियामे वोंदोनईवालू यातुले रिज़ोट और स्पा में टूरिज़म वाले एक समारोह में चित्र: प्रदान किया गया

रोनल देव

नई राष्ट्रीय विकास योजना, "आम जनता की योजना है" जबकि वो हमारे लोगों के विचारों और आकांक्षाओं और सामाजिक-आर्थिक कल्याण को बढ़ाने के उनके एलान का प्रतिनिधित्व करता है। हमारी नज़र बहुत स्पष्ट है। हमारे लोग विकास के केंद्र हैं और हम इस नई राष्ट्रीय विकास योजना में "लोगों को पहले" रख रहे हैं।

इस साल अट्ठाईस जून को संसद में अपने भाषण के दौरान उप प्रधान मंत्री तथा फायनेन्स, स्ट्रेटेजिक डिवेलोपमन्ट, नेशनल प्लेनिंग तथा स्टेटिस्टिक मंत्री माननीय प्रोफेसर बिमान प्रसाद ने ऐसा कहा।

तीन महीने बाद, सोमवार सोलह सितम्बर 2024 को एन डी पी 2025-2029 तथा विज़न 2050 का विमोचन किया गया।

यह एन डी पी गठबंधन सरकार के विकास खाके के रूप में काम करती है जो तीन साल, पाँच साल, तथा बीस साल की समयसीमा में सरकार की सभी विकास प्राथमिकताओं का मार्गदर्शन करेगा। सीधे शब्दों में कहे तो यह सरकार की छोटी, मध्यम तथा लम्बी योजनाएं है।

उप प्रधान मंत्री प्रसाद ने कहा कि एन डी पी के माध्यम से लोग देख सकते हैं कि सरकार क्या कर रही है। "जब हम रास्ते से भटक जाते है तो लोग हमें चुनौती दे सकते हैं। जब हम अपने छोटी अवधी वाली उपाय योजना से भटक जाते है तो वे हमें ज़िम्मेदार ठहरा सकते है।"

राष्ट्रीय विकास योजना (एन डी पी) 2025-2029 की स्थापना "एकता के माध्यम से फीजी के लोगों को मजबूत बनाने के दृष्टिकोण पर की गई है। इस दृष्टिकोण को तीन स्तंभों के माध्यम से अनेवादित किया गया है, अर्थात आर्थिक तौर से मजबूत होने, लोगों को और ताकत प्रदान करना और अच्छी तरह शासन करना।

नई योजना में हमारा तत्काल ध्यान "बुनियादी बातों को सही करना" है और पानी, सड़क, नाले, अस्पताल, स्वास्थ्य सेवाओं, हाउजिंग और शिक्षा जैसी हमारी दिन-प्रतिदिन का महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान करना है। हम नशीली दवाओं, एच.आईवी-एड्स, एन सी डी, जलवायु परिवर्तन, लैंगिक हिंसा से लड़ने और मेल-मिलाप तथा एकता को बढ़ावा देने पर भी ध्यान केंद्रित करेंगे। हमें अपने कमज़ोर लोगों, बुजुर्गों और विकलाँग लोगों की रक्षा करने की ज़रूरत है।

"हमें अपने उत्पादक क्षमता में पूँजी लगाने, कौशल और लोगों में पूँजी लगाने और उत्पादकता बढ़ाने की ज़रूरत है। हमें अपने नागरिकों को सशक्त बनाने और उन्हें आमदनी बढ़ाने के अवसरों में शामिल होने के लिए सही कौशल और संसाधन देने की ज़रूरत होगी। हमें विकास में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए भूमिका निभाने के लिए अपने निजी क्षेत्र की ज़रूरत होगी और सरकार सही बुनियादी ढाँचे, नीतिगत निश्चितता, व्यापार करने में आसानी, कानून के शासन के रखरखाव, स्वतंत्र राज्य संस्थानों और आर्थिक और राजनीतिक स्थिरता के साथ सक्षम वातावरण प्रदान करेगी।

माननीय प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रीय विकास योजना पर परामर्श की शुरूआत पिछले साल राष्ट्रीय आर्थिक सम्मेलन के दौरान हुई थी जिसके बाद ये चारों विभागों में फैलाया गया जहाँ ग्रामीण, बाहरी द्वीपों, शहर से दूर तथा प्रमुख शहरी केन्द्रों के बाईस हज़ार से ज़्यादा लोगों का विचार लिया गया।